शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 27 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 06:06 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : ख़ुश होने से पहले बहाने ढूँढ़ने चाहिए और ख़ुश रहना चाहिए।




अमेरिका अगर भारत की पेशकश से खुश है, तो व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर दे: गोयल पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ममता ने शाह को बताया 'खतरनाक', बंगाल में 1.5 करोड़ मतदाता हटाने का आरोप लगाया

## आयोग को दी चेतावनी... 'एक भी वैंध नाम हटाया तो धरने पर बैंठूंगी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला तेज करते हुए उन्हें 'खतरनाक' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों के एसआईआर का इस्तेमाल 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल के लाखों पात्र मतदाताओं के नाम गैरकानूनी तरीके से हटाने के लिए कर रहे हैं। इस दिन, नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि अमित शाह मतदाता सूचियों से '1.5 करोड़ नाम' हटाने की कोशिशों को सीधे तौर पर निर्देशित कर रहे हैं। ममता ने चेतावनी दी कि अगर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान एक भी पात्र मतदाता का नाम हटाया गया, तो वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का गृह मंत्री खतरनाक है। उनकी आंखों में यह साफ दिखता है। एक आंख में 'दुर्योधन' दिखता है, और दूसरी में 'दु:शासन'। ममता ने आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले एसआईआर का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे वोटों के लिए इतने भूखे हैं कि उन्होंने अब एसआईआर शुरू कर दिया है। अगर किसी पात्र व्यक्ति का नाम कट जाता है तो मैं तब तक धरना दूंगी, जब तक नाम जुड़ नहीं जाता। पश्चिम बंगाल में कोई निरुद्ध केंद्र नहीं बनेगा। ममता ने दावा किया कि एसआईआर के दौरान जिलाधिकारियों पर डेढ़ करोड़ नाम काटे जाने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में आपने ऐसा कर लिया होगा, लेकिन बंगाल में नहीं कर सकते।

### मुख्यमंत्री ने अभी तक नहीं भरा अपना गणना प्रपत्र

ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने खुद अभी तक अपना गणना प्रपत्र नहीं भरा है। उन्होंने घोषणा की कि वह ऐसा तभी करेंगी जब हर आम नागरिक का फॉर्म स्वीकार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बीएलओ मेरे आवास स्थित कार्यालय आए। लेकिन मैंने खुद कोई फॉर्म नहीं लिया है। क्या अब मुझे दंगा करने वालों की पार्टी के सामने अपनी नागरिकता साबित करनी होगी?

### जिलाधिकारी के काम की निगरानी के लिए भाजपा समर्थक अफसर भेजने का आरोप

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए भाजपा से जुड़े अधिकारियों को तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को प्रभावित करने और एसआईआर की सुनवाइयों पर नजर रखने के लिए दिल्ली से ऐसे लोग भेजे जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में स्थिति पर नजर रखने के लिए दिल्ली से भाजपा समर्थित कुछ लोगों को भेजा जा रहा है। केवल भाजपा की शिकायतों पर कार्रवाई क्यों हो रही है? ममता ने लाखों नाम हटाने की भाजपा की शिकायत का ज़िक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने शिकायत की है। वे चाहते हैं कि उनके नाम को छोड़कर बाकी सभी के नाम हटा दिए जाएं। उन्होंने चुनावों से पहले मतदाताओं को बांटने के लिए सत्ताधारी पार्टी द्वारा पैसे के कथित इस्तेमाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा पैसे से मतदाताओं को बांटने की कोशिश करती है। अपने वोटों को बंटने न दें।

# निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर के लिए समयसीमा बढ़ायी

## पश्चिम बंगाल के लिए कोई विस्तार नहीं




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है। एक बयान के मुताबिक, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि बृहस्पतिवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था। बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर बृहस्पतिवार को समाप्त हो गयी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

# इंडिगो प्रभावित यात्रियों को देगी 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा 'वाउचर'




**नयी दिल्ली :** परिचालन संबंधी व्यवधानों से जूझ रही विमानन कंपनी इंडिगो उड़ानें रद्द होने या विलंब के कारण प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपये के यात्रा 'वाउचर' देगी। यह वाउचर तीन से पांच दिसंबर के दौरान उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को दिया जाएगा। यह नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मानदंडों के तहत उड़ान रद्द होने पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली राशि के अतिरिक्त होगा। इंडिगो ने बयान में खेद जताते हुए कहा कि तीन, चार और पांच दिसंबर को यात्रा करने वाले उसके कुछ ग्राहक कई घंटों तक कुछ हवाई अड्डों पर फंसे रहे और उनमें से कई भीड़भाड़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। इसमें कहा गया, '' हम ऐसे गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा 'वाउचर' प्रदान करेंगे। इन यात्रा 'वाउचर' का उपयोग अगले 12 महीनों के दौरान इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है।'' देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी को नियामकीय दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने परिचालन को स्थिर करने के लिए इसे शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है। इंडिगो दो दिसंबर को व्यवधान शुरू होने से पहले तक प्रतिदिन लगभग 2,300 उड़ानें संचालित कर रही थी। बयान में कहा गया, '' यह वाउचर मौजूदा सरकारी दिशानिर्देशों के तहत की गई प्रतिबद्धता के अतिरिक्त है जिसके अनुसार इंडिगो उन ग्राहकों को उड़ान के 'ब्लॉक' समय के आधार पर 5,000 रुपये से 10,000 रुपये तक का मुआवजा प्रदान करेगी जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद्द कर दी गई थीं।''

### इंडिगो ने बेंगलुरु से 60 उड़ानें रद्द कीं, 1,950 से अधिक उड़ानें संचालित करने की योजना

**मुंबई :** संकटग्रस्त इंडिगो ने बृहस्पतिवार को भी बेंगलुरु हवाई अड्डे से 60 उड़ानें रद्द कर दीं। ये उड़ान ऐसे समय में रद्द की गयी हैं जब एयरलाइन ने विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए की निगरानी में 1,950 से अधिक उड़ानें संचालित करने की अपनी योजना की घोषणा की है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। यह निगरानी पायलट और चालक दल के ड्यूटी समय के नए मानदंडों के कार्यान्वयन से संबंधित योजना में विफलताओं के कारण सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद की जा रही है। सूत्र ने बताया, ''इंडिगो ने बेंगलुरु हवाई अड्डे से 32 आगमन और 28 प्रस्थान सहित 60 उड़ानें रद्द कर दी हैं।''

## व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों के बीच मोदी और ट्रंप ने फोन पर की बातचीत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में गति बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा की, जिससे दोनों पक्षों के बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंचने के संकेत मिले। दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत उस दिन हुई जब भारतीय और अमेरिकी वार्ताकारों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दो दिवसीय वार्ता समाप्त की, उम्मीद है कि इससे भारत को ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से राहत मिलेगी। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बातचीत को ''सौहार्दपूर्ण और सार्थक'' बताया। मोदी ने व्यापारिक संबंधों का कोई जिक्र किए बिना अपनी पोस्ट में कहा, '' हमने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत और अमेरिका वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।'' अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने मंगलवार को विवरण दिए बिना कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौते पर भारत से अमेरिका को अब तक का 'सबसे अच्छा' प्रस्ताव मिला है।

# नाइटक्लब आग: लूथरा बंधुओं को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया



**पणजी :** गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद भारत से भागे उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छह दिसंबर को इस नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। अधिकारियों ने बताया कि नाइटक्लब के सह-मालिकों 44 वर्षीय गौरव और 40 वर्षीय सौरभ को भारत सरकार के अनुरोध पर हिरासत में लिया गया है। दोनों के खिलाफ इंटरपोल का 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को पुष्टि की है कि दोनों आरोपियों को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में लिया गया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही लूथरा बंधुओं की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, हथकड़ी पहने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगीं। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने छह-सात दिसंबर की दरम्यानी रात एक बजकर 17 मिनट पर एक यात्रा पोर्टल के माध्यम से फुकेट के लिए अपनी टिकटें बुक की थीं। उन्होंने उत्तरी गोवा के अरपोरा में स्थित उनके नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी भीषण आग के बारे में पता चलने के एक घंटे के भीतर टिकटें बुक कर ली थीं। जिस समय पुलिस और प्रशासन आग बुझाने तथा कर्मचारियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, उसी दौरान ये दोनों रविवार तड़के इंडिगो की एक उड़ान से भारत से रवाना हो गए।

## रुपया 39 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** रुपया बृहस्पतिवार को 39 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच स्थानीय मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में गिरावट जारी रहने की आशंका है क्योंकि भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 89.95 पर खुला। फिर कमजोर होता हुआ कारोबार के दौरान अपने सबसे निचले स्तर 90.48 पर आ गया। हालांकि कारोबार के अंत में रुपया 90.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे कम है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.87 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अगले साल मार्च तक संपन्न होने की संभावना जताने के बाद रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

## म्यामां में अस्पताल पर रात में हुए हवाई हमले में 34 लोगों की मौत, 80 घायल

**बैंकॉक :** म्यामां की सेना के हवाई हमले में एक प्रमुख विद्रोही सशस्त्र बल के नियंत्रण वाले क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल नष्ट हो गया और इस हमले में 34 मरीज और चिकित्सा कर्मचारी मारे गए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। खबरों के अनुसार पश्चिमी राज्य रखाइन के जातीय अराकान आर्मी के नियंत्रण वाले क्षेत्र म्राउक-यू टाउनशिप में बुधवार रात को हुए एक जनरल अस्पताल पर हमले में लगभग 80 अन्य लोग घायल हो गए। सत्ताधारी सेना ने इलाके में किसी भी हमले की कोई खबर नहीं दी है।

## बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे

**ढाका :** बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव कराये जायेंगे। अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद यह पहले चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, ''मतदान 12 फरवरी, 2026 को सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा।'' मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग के सुधार प्रस्तावों पर जनता की राय जानने के लिए मतदान के दिन, 12 फरवरी को एक साथ जनमत संग्रह भी कराया जायेगा।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया: चिकित्सक

**ढाका :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की तबीयत बृहस्पतिवार रात बिगड़ गई और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया। चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। मेडिकल बोर्ड के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ शाहबुद्दीन तालुकदार द्वारा हस्ताक्षरित एक बयान के अनुसार, उनकी सांस लेने में कठिनाई बढ़ गई, ऑक्सीजन का स्तर गिर गया और कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ गया। बयान में कहा गया है कि 80 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री का पहले हाई फ्लो नेज़ल कैनुला और बाइपैप सपोर्ट'' से इलाज किया जा रहा था लेकिन कोई सुधार न होने पर, उनके फेफड़ों और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को आराम देने के लिए उन्हें ऐच्छिक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष का 23 नवंबर से ढाका के एवरकेयर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# मैक्सिको ने भारतीय सामान पर लगाया 50% टैरिफ

## चीन समेत कई एशियाई देश भी इसी लिस्ट में

**नई दिल्ली :** मैक्सिको की सीनेट ने बुधवार को भारतीय सामान पर अधिकतम 50% तक शुल्क लगाने की अनुमति दे दी। केवल भारत ही नहीं, बाकी एशियाई देशों में चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया भी शामिल हैं। उन सभी देशों से मैक्सिको आने वाले सामानों पर नया शुल्क लागू होगा, जिनके साथ मैक्सिको ने कोई ट्रेड डील फाइनल नहीं की है। यह कदम घरेलू बिजनेस ग्रुप्स और कई सरकारों के विरोध के बावजूद उठाया गया, जिसे हाल के वर्षों में मैक्सिको की सबसे कड़ी ट्रेड पॉलिसी कहा जा रहा है। नए नियम के तहत 2026 से ऑटो, ऑटो पार्ट्स, टैक्सटाइल, कपड़े, प्लास्टिक और स्टील जैसे सामानों पर 50 फीसदी तक शुल्क लगेगा, जबकि बाकी ज्यादातर उत्पादों पर 35 फीसदी तक का टैक्स रखा गया है। सीनेट में यह प्रस्ताव 76 वोटों से पास हुआ। पांच सदस्यों ने विरोध किया और 35 ने मतदान से दूरी बनाई।

पहले वाले मसौदे की तुलना में यह कानून थोड़ा नरम है। शुरुआती ड्राफ्ट में करीब 1,400 तरह के प्रोडक्ट्स पर हाई टैक्स लगाने की बात कही गई थी, लेकिन संशोधित बिल में लगभग दो-तिहाई सामानों पर शुल्क कम कर दिया गया। सरकार के मुताबिक यह कदम राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक दबावों को संतुलित रखकर लिया गया है।

# आईएसआईएस कट्टरपंथ मॉड्यूल: ईडी ने मुंबई, कोलकाता सहित चार राज्यों में मारे छापे



**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक 'घोर कट्टरपंथी' मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गई। आतंकी समूह आईएसआईएस का यह अड्डा ठाणे के पाडघा गांव में था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान ईडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की। केंद्रीय एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है। उसने यह कार्रवाई राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के नवंबर 2023 के उस आरोप-पत्र के आधार पर की है जिसमें आरोप था कि कुछ व्यक्ति एक 'घोर कट्टरपंथी' इस्लामिक स्टेट से जुड़े मॉड्यूल का हिस्सा थे तथा इस संगठन के लिए भर्ती, प्रशिक्षण, हथियार और विस्फोटक जुटाने और अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए धन एकत्र करने में लगे थे। एनआईए ने इस मामले में कमजोर युवाओं को आईएसआईएस की विचारधारा में शामिल करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने की साजिश रचने तथा आईईडी बनाने के आरोप में 21 लोगों को आरोप-पत्र में सूचीबद्ध किया है।

# अरुणाचल प्रदेश: ट्रक के खाई में गिरने से असम के 21 लोगों की मौत

**तिनसुकिया/डिब्रूगढ़ (असम) :** अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई। इस ट्रक पर तिनसुकिया जिले के 22 मजदूर सवार थे। रावत ने एक बयान में कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी। बयान के अनुसार एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति ने जब आपबीती सुनाई तभी इसकी जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''21 शव देखे गए हैं और उन्हें निकाला जा रहा है। हयूलियांग के एडीसी ने अंजॉ के एसपी (पुलिस अधीक्षक) को सूचित कर दिया है, जो घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।'' रावत ने कहा कि 'चिपरा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स' (जीआरईएफ) शिविर तक पहुंचने में कामयाब रहने वाले मजदूर से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तिनसुकिया से 22 मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रक आठ दिसंबर की रात खाई में गिर गया। पीआरओ ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सेना के स्पीयर कोर ने कई खोज और बचाव दल, चिकित्सा दल, जीआरईएफ प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मी और हयूलियांग के एडीसी को सक्रिय किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल में हादसे में हुई मौतों पर दुख जताया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अरुणाचल प्रदेश के अंजाव जिले में एक दुर्घटना में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री के हवाले से बयान में कहा गया, प्रत्येक मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# दुर्गा विसर्जन हिंसा मामला: युवक की हत्या पर एक को मौत की सज़ा, नौ को आजीवन कारावास

**बहराइच (उप्र) :** गत वर्ष महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान फैली साम्प्रदायिक हिंसा के दौरान युवक रामगोपाल मिश्र की कर दी गयी हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक अभियुक्त को फांसी की सजा तथा नौ अन्य अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए तीन अन्य अभियुक्तों को अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गिरीश चंद्र शुक्ल ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार शर्मा ने नौ दिसम्बर को सरफराज, अब्दुल हमीद, मोहम्मद तालिब, फहीम, जीशान, मोहम्मद सैफ, जावेद, सोएब खान, ननकऊ और मारूफ अली (कुल 10 अभियुक्तों) को रामगोपाल मिश्र की हत्या के मामले में दोषी करार दिया था। शुक्ल ने बताया कि नौ दिसंबर को अदालत ने खुर्शीद, शकील और अफजल को संदेह लाभ देकर दोषमुक्त करार दिया था। बृहस्पतिवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने सरफराज को फांसी तथा नौ अन्य मुजरिमों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बहराइच (उत्तर प्रदेश) के हरदी थानाक्षेत्र में आबादी वाले महाराजगंज कस्बे में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा में 21 वर्षीय युवक राम गोपाल मिश्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुक्ल के अनुसार इस घटना को लेकर 13 अक्टूबर की रात हरदी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। तफ्तीश में कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया। नेपाल भाग रहे दो आरोपियों को मुठभेड़ में तथा अन्य सभी को एक-एक कर गिरफ्तार कर लिया गया था। जिला शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने 11 जनवरी 2025 को कुल 13 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। बृहस्पतिवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने गोली मारने वाले सरफराज को मृत्युदंड तथा अन्य नौ अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का राष्ट्रीय विजेता बना



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता ने गर्व के साथ घोषणा की है कि उसके छात्र दल 'टीम वाटरलू' को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 में एनसीआईआईपीसी इंडिया (एनटीआरओ की इकाई) के समस्या वक्तव्य एसआईएच 25232 (सॉफ्टवेयर एडिशन) के लिए राष्ट्रीय विजेता चुना गया है। टीम को राष्ट्रीय समारोह के दौरान एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. टी.जी. सीताराम ने मंच पर सम्मानित किया। टीम ने अवैध खनन की पहचान और विश्लेषण के लिए एक उन्नत तकनीकी प्लेटफॉर्म विकसित किया, जिसमें एसएआर आधारित डीप-लर्निंग डिटेक्शन, डीईएम आधारित वॉल्यूमेट्रिक विश्-लेषण जैसे वातावरण शामिल है। विजेता टीम में अंकित कुमार, सॉम्यदिप्त दे (लीड), जितादित्य राय, सामदृता घोषाल, मयुख सेन और अर्नब घोष शामिल हैं। टीम का मार्गदर्शन प्रो. जॉयदेब हाजरा (एसपीओसी, एसआईएच) और प्रो. मौसिकी कर ने किया। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के सीईओ पी.के. अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की नवाचार भावना का परिचायक है और छात्रों की तकनीकी क्षमता व दबाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है। हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी ने कहा कि एसआईएच 2025 में छात्रों का प्रदर्शन संस्थान की मजबूत शैक्षणिक संरचना और उच्च गुणवत्ता वाले इंजीनियरिंग शिक्षण को प्रतिबिंबित करता है।

## यूनेस्को ने विश्व धरोहर किया घोषित

इसमें दो राय नहीं कि हमारी अमूर्त विरासतें प्राचीन और आधुनिक सभ्यता के बीच पुल का काम करती हैं। यह महज एक स्मृति नहीं, वरन एक निरंतर बहती जीवंत विस्तारित नदी की भांति है। इसी आलोक में दिवाली को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया जाना हर भारतीय के लिये गर्व व सुकून का विषय है। निस्संदेह, दिवाली हमारी सनातन संस्कृति व सभ्यता की आत्मा रही है। प्रकृति के अहसासों के अनुरूप अंधेरे के खिलाफ उजाले की जंग की प्रतीक। समाज में समता का संदेश की गरीब के घर भी भरपूर रोशनी पहुंचे। किसी भी समाज में कुम्हार, मूर्तिकार,खील बताशे वाले से लेकर व्यापारी के घर तक लक्ष्मी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दिवाली को यह स्थान मिलने से पहले कुंभ मेले समेत देश की 15 धरोहरें इस सूची में शामिल हैं। बता दें कि इस वर्ष 19 अक्तूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में सरयू की राम पैड़ी पर जब 26.17 लाख दीये जलाये गए थे तो इस उपलब्धि का प्रकाश पूरी दुनिया में फैला था। गिनीज बुक आफ विश्व रिकॉर्ड में आयोजन दर्ज हुआ था। इस के बाद ही संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर सूची में दिवाली को शामिल किया है। इससे पहले कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला,छाऊ नृत्य, दुर्गा पूजा आदि इस सूची में शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की बीसवीं बैठक की दिल्ली में मेजबानी कर रहा है, जो 13 दिसंबर को समाप्त होगी। दिवाली को संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा मानकर देश के विभिन्न भागों में दस दिसंबर को दीपावली समारोह आयोजित करने का भी फैसला लिया गया था। मकसद यही था कि ताकि विश्व के सामने इस पर्व को मजबूत सांस्कृतिक पहचान के रूप में पेश किया जा सके। निस्संदेह, दिवाली न केवल संस्कृति-प्रकृति से जुड़ी है बल्कि ज्ञान व सनातन धर्म की भी पर्याय है। निस्संदेह, इस घोषणा से इस पर्व को वैश्विक मान्यता मिल सकेगी।

दरअसल, यूनेस्को ऐसी सांस्कृतिक व पारंपरिक चीजों को इस सूची में शामिल करता है जो मूर्त रूप में तो नहीं होती, मगर किसी समाज में उसकी व्यापक मान्यता होती है। वास्तव में, यूनेस्को के ऐसे प्रयासों का मकसद यही रहा है कि आने वाले समय में दुनिया की महत्वपूर्ण सांस्कृति धरोहरें सुरक्षित रहें। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, इस घोषणा के बाद भारत दीपावली के निहितार्थ अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के संदेश को पूरी दुनिया को दे सकेगा। इस बार की सूची में दुनिया की जीवित परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं, त्योहारों, लोककला व परंपारिक ज्ञान प्रणालियों को सुरक्षित रखने वाली दुनिया की बीस अमूर्त विरासतों को इस सूची में जगह दी गई। कई पीढ़ियों से सहेजी गई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है यूनेस्को की पहल। निस्संदेह, ये धरोहरें विश्व के विभिन्न समुदायों की पहचान का हिस्सा हैं। सही मायनों में वैश्वीकरण के दौर में सांस्कृतिक विविधत को अक्षुण्ण बनाये रखने में मददगार साबित होंगी। निश्चय ही भारतीय संस्कृति की अमिट धरोहर वाले पर्व दीपावली का विश्व धरोहर की सूची में शामिल होना भारतीयों के लिये गर्व की बात है। जिसकी बानगी दिल्ली व देश के अन्य भागों में दूसरी दिवाली मनाने के रूप में नजर आई। निश्चय ही इस फैसले से भारतीय सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता मिलेगी। दुनिया इस पर्व की भावनात्मकता के इतर इसकी आध्यात्मिकता व सामाजिक समरसता के संदेश से रूबरू हो सकेगी। निस्संदेह, यह पर्व भारतीय संस्कृति और लोकाचार से गहरे तक जुड़ा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि दीपावली हमेशा समृद्ध विरासत बनी रहे। दुनिया में उजाले की अंधेरे पर जीत का संदेश निरंतर जाता रहे। जो शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश भी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के गहरे संदेश का पूरी दुनिया अंगीकार कर सकेगी।

# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया



ललित गर्ग

यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है।

दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे 'अमूर्त' कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है।

जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है।

दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है।

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ।

दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं। एक छोटे व्यापारी की दुकान भी दीपावली पर उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी एक बड़ी कंपनी की। यह त्योहार बताता है कि समाज प्रकाश तभी बनता है जब हर व्यक्ति के जीवन में रोशनी पहुंचे। इसीलिए यह उत्सव भारतीय सामुदायिक चेतना का उत्सव है, समता और समान अवसरों का उत्सव है।

दुनिया आज विभाजन, युद्ध, तनाव, भौतिक लालच और मानसिक अंधकार से जूझ रही है। ऐसे समय में दीपावली का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है कि एक दीप की लौ किसी भी गहन अंधकार को चुनौती दे सकती है। भारत ने सदियों से दुनिया को यही बताया है कि नैतिक साहस, सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ही सभ्यताओं को टिकाऊ बनाती है। दीपावली इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधुनिक सोच और सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत की इन अवधारणाओं को दुनिया के सामने नई ऊर्जा के साथ स्थापित किया है। योग की वैश्विक मान्यता हो, आयुर्वेद का उभार हो, रामायण सम्मेलन हों या भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण, यह सब भारत की सॉफ्ट पावर की विजय है। दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इसी सॉफ्ट पावर की अगली खूबसूरत सीढ़ी है।

मोदी का वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र अब भारत की विदेश नीति ही नहीं, बल्कि विश्व-दृष्टि बन चुका है। इसी भावना ने जी20 से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान को मजबूत किया है। दीपावली का वैश्विक सम्मान इसी मंत्र का विस्तार है, क्योंकि यह त्योहार हर मानव को यह याद दिलाता है कि दुनिया एक है, पीड़ा साझा है, और आनंद भी साझा होना चाहिए।

दीपावली केवल आध्यात्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मनोविज्ञान भी है। यह मन को खाली नहीं करती, उसे भरती है, उसे बुझाती नहीं, उसे जगाती है। दीपावली मन की धूल झाड़ने, जीवन के प्रति नई आशा जगाने और अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानने का अवसर है। यही कारण है कि इसे विश्व धरोहर घोषित करना पूरी मानवता के आध्यात्मिक भविष्य को मान्यता देना है।

वैश्वीकरण के प्रभाव ने दुनिया को तकनीकी रूप से भले ही जोड़ा हो, पर मानसिक रूप से विभाजन बढ़ा दिया है। ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषकर दीपावली जैसी परंपराएँ, सभ्यताओं के बीच एक दार्शनिक पुल का काम करती हैं। ये त्योहार दुनिया को यह बताते हैं कि जीवन केवल उपभोग नहीं, संवेदना है, केवल प्रगति नहीं, समरसता है, केवल विकास नहीं, मूल्य भी हैं।

यूनेस्को की घोषणा के बाद अब दुनिया दीपावली को केवल भारतीय या धार्मिक त्योहार के रूप में नहीं देखेगी, बल्कि इसे वैश्विक नैतिक चेतना के रूप में स्वीकार करेगी। यह उस विरासत का सम्मान है जो अतीत से चली आ रही है पर भविष्य को दिशा देती है। यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है जिसे दुनिया युगों से सम्मान देती आई है।

अब यह भी हमारा दायित्व है कि दीपावली की इस उज्ज्वल विरासत को हम और अधिक संवारे, संजोएं और इसे केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में अपनाएं। जब हम अपने भीतर एक दीप जलाते हैं, तो उसके प्रकाश में पूरी दुनिया का मार्गदर्शन संभव होता है, यही भारतीय संस्कृति की शक्ति है, यही दीपावली की महिमा है।

निस्संदेह, दीपावली का वैश्विक होना भारत की सांस्कृतिक आत्मा की विजय है। यह वह क्षण है जो बताता है कि भारत केवल एक भू-राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि मानवता का आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। आने वाले समय में यह प्रकाश दुनिया के हर कोने तक पहुंचे, यही दीपावली का संदेश और भारत की सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

दीपों का यह उत्सव अब केवल भारत का नहीं रहाकृअब यह मानवता का उत्सव है, और भारत की यह रोशनी आने वाले समय में वैश्विक चेतना का नया सूरज बनकर उदित होगी।

# बायोमेट्रिक जांच से लाखों संदिग्ध घुसपैठियों पर शिकंजा कसा



संजय सक्सेना

भारत सरकार के सामने बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के रूप में देश में घुसपैठ करने वाले लोगों की समस्या एक जटिल और संवेदनशील चुनौती बन चुकी है। ये घुसपैठिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और यहां तक कि पासपोर्ट तक प्राप्त कर चुके हैं, जिससे उनकी पहचान करना बेहद कठिन हो गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें, खासकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार, इस समस्या से निपटने के लिए तकनीकी, कानूनी और प्रशासनिक कदम उठा रही हैं, लेकिन संसाधनों की कमी, कानूनी जटिलताएं और मानवाधिकार संबंधी बाधाएं प्रक्रिया को धीमा कर रही हैं।

पहचान की प्रक्रिया में केंद्र सरकार ने आधार कार्ड को बायोमेट्रिक तकनीक से मजबूत किया है, जहां फिंगरप्रिंट और आईरिस स्कैन के जरिए संदिग्ध दस्तावेजों की जांच होती है। उत्तर प्रदेश में 2019 के संयुक्त सर्वे में करीब 10 लाख घुसपैठियों की पहचान की संभावना जताई गई थी, और अब छह वर्षों में उनकी संख्या में खासा इजाफा हो चुका है। अधिकतर घुसपैठिए खुद को पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम या त्रिपुरा का निवासी बताते हैं और फर्जी आधार कार्ड दिखाते हैं, जो पश्चिम बंगाल या असम में एजेंटों द्वारा बनाए जाते हैं। वोटर सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत संदिग्ध नाम हटाए जा रहे हैं, जैसे पश्चिम बंगाल में 15,000 बांग्लादेशी घुसपैठियों को सीमा पर खदेड़ा गया। पासपोर्ट और पैन कार्ड की प्रक्रिया में भी कड़ी निगरानी बढ़ाई गई है ताकि फर्जी दस्तावेज न बन सकें।

निष्कासन की प्रक्रिया विदेशी नागरिक अधिनियम और नागरिकता संशोधन कानून पर आधारित है। संदिग्धों को डिटेंशन सेंटरों में रखा जाता है, जहां उनकी नागरिकता सत्यापित होती है। देशभर में दिल्ली सहित 18 डिटेंशन सेंटर कार्यरत हैं, जहां 1500 से अधिक विदेशी नागरिक रखे गए हैं, जिनमें बांग्लादेशी और रोहिंग्या शामिल हैं। 2025 में मुंबई पुलिस ने 1001 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा, जबकि असम और अन्य राज्यों से 142 रोहिंग्याओं का निष्कासन हुआ। बीएसएफ ने जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 तक भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2601 घुसपैठियों को पकड़ा। हालांकि, कई घुसपैठिए सीमा पार होने के बाद कुछ किलोमीटर दूर से वापस लौट आते हैं, और बांग्लादेश की सेना उन्हें अपना नागरिक मानने से इंकार कर देती है।

योगी सरकार ने इस मुद्दे पर सबसे आक्रामक रुख अपनाया है। उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या बस्तियों में 700 से 800 लोगों की पहचान हो चुकी है, जबकि 250 अन्यों का सत्यापन चल रहा है। लखनऊ से 160 घुसपैठी रातों रात भाग गए, और मेरठ में 500 क्षमता वाला डिटेंशन सेंटर बन रहा है। हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित हो रहे हैं, साथ ही बायोमेट्रिक डेटाबेस तैयार किया जा रहा है ताकि घुसपैठिए दोबारा न लौटें। सहारनपुर में ऑपरेशन टॉर्च चल रहा है, जहां झुग्गी-झोपड़ियों, रेलवे स्टेशनों और सीमावर्ती इलाकों में तलाशी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने जनता से सहयोग मांगा है और वोटर सूची से नाम हटाने तथा कानूनी कार्रवाई का वादा किया है। रोहिंग्या आबादी पूरे भारत में करीब 40,000 बताई जाती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह संख्या लाखों में हो सकती है।

इन प्रयासों के पीछे कई चुनौतियां हैं। पहचान के बाद सत्यापन में समय लगता है क्योंकि 10 लाख से अधिक घुसपैठिए छिपे हैं, जैसे कोलकाता में लाखों बांग्लादेशी फर्जी कागजों पर सरकारी लाभ ले रहे हैं। मूल निवासी वाले पूर्वोत्तर राज्यों से सत्यापन कराना मुश्किल होता है क्योंकि एजेंट नेटवर्क मजबूत है। मानवाधिकार संगठन और रेड क्रॉस निष्पक्षता की निगरानी करते हैं, जिससे प्रक्रिया धीमी पड़ती है। संसाधनों की कमी से उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में अभियान प्रभावी ढंग से नहीं चल पाते। डिजिटल निगरानी, सैटेलाइट इमेजरी और पुलिस-राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें काम कर रही हैं, लेकिन सीमावर्ती जंगलों, खेतों और नदियों में घुसपैठ जारी है। सामाजिक तनाव से बचने के लिए स्थानीय निवासियों के हितों का ध्यान रखना पड़ता है।

कुल मिलाकर, केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के गजट नोटिफिकेशन से सभी राज्यों को डिटेंशन सेंटर बनाने के निर्देश दिए हैं। योगी सरकार के कदमों से घुसपैठियों में खौफ फैला है, जिसका असर पश्चिम बंगाल और बिहार तक दिख रहा है। यदि संसाधन बढ़ें, अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिले और सत्यापन प्रक्रिया तेज हो, तो घुसपैठ रोकी जा सकती है। यह सुरक्षा, आर्थिक बोझ और सामाजिक शांति का संतुलन है, जहां तकनीक, कानून और प्रशासन की भूमिका निर्णायक होगी। देश की सीमाएं सुरक्षित रखने के लिए निरंतर सतर्कता और जन सहयोग आवश्यक है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं: डॉ. नरेश त्रेहन

**न्यूयॉर्क :** विश्व प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ और कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास और चिकित्सा उपकरण जैसे विभिन्न स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, हम अब उस मुकाम पर हैं, जहां मुझे लगता है कि समय आ गया है... यह भारत का समय है। मैं स्वयं इस दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और मेरा मानना है कि जो भी भारत की ओर देख रहा है, उसे आगे बढ़ना चाहिए, समय बर्बाद नहीं करना चाहिए क्योंकि यहां अवसर अपार हैं। मेदांता के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. त्रेहन ने पिछले सप्ताह यहां एक वार्ता के दौरान यह बात कही। न्यूयॉर्क में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पिछले सप्ताह 'विकसित भारत 2047 में स्वास्थ्य सेवा' शीर्षक से



यह कार्यक्रम आयोजित किया था। डॉ. त्रेहन ने भारत और अमेरिका के बीच स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों को रेखांकित करते हुए एआई, प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास, चिकित्सा उपकरण और इलाज के लिए आवाजाही जैसे क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। डॉ. त्रेहन ने कहा, अमेरिका-भारत के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने एआई के बारे में कहा कि आज एल्गोरिदम इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि विश्लेषण को कम समय में किया जा सकता है और डेटा को पहले की तुलना में 1000 गुना कम समय में संसाधित किया जा सकता है। डॉ. त्रेहन ने कहा, अगर यही एआई की ताकत है, तो आप देख सकते हैं कि इसे स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और स्वास्थ्य संबंधी पूर्वानुमान लगाने में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत को अब भी इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ना है और मुझे लगता है कि इसमें अमेरिका की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि एआई या आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) का उद्गम चाहे कहीं भी हो, अमेरिका ही वह देश है, जिसके पास इसे वास्तविक कार्यशील मॉड्यूल में बदलने की क्षमता है। उन्होंने हालांकि इस बात पर जोर दिया, एआई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है, लेकिन आगे बढ़ने के साथ-साथ इसे प्रमाणित करने की आवश्यकता है। यह कोई चमत्कार नहीं है। ऐसा बिल्कुल नहीं है।

### मोरक्को के फेज शहर में दो इमारतें ढही, 22 लोगों की मौत

**रबात :** मोरक्को के फेज शहर में रात में दो बहुमंजिला इमारतों के ढहने से 22 लोगों की मौत हो गई। इस साल यहां इमारतों के ढहने की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी एमएपी के अनुसार, प्रभावित चार मंजिला आवासीय इमारतों में कुल आठ परिवार रहते थे। इस हादसे में 16 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को खाली करा लिया गया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इमारत गिरने का कारण क्या था और कितने लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एमएपी ने बताया कि इन संरचनाओं का निर्माण 2006 में 'झुग्गी-झोपड़ियों से मुक्त शहर' नामक एक पहल के दौरान किया गया था।

### ट्रंप ने अगर रुख नहीं बदला तो वह भारत को खो देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति बन जाएंगे: अमेरिकी सांसद

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका की एक सांसद ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति नीतियां रणनीतिक भरोसे और पारस्परिक समझ को वास्तविक व स्थायी नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को हुए नुकसान को कम करने के लिए वॉशिंगटन को 'अविश्वसनीय तत्परता' के साथ कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद सिडनी कैमलेजर-डॉव ने कहा ...अगर ट्रंप अपनी नीति में बदलाव नहीं करते, तो वह भारत को खो देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति बन जाएंगे। और ज्यादा साफतौर पर कहा जाए तो जिन्होंने भारत को दूर कर दिया जबकि रूसी साम्राज्य को सशक्त किया। उन्होंने ट्रांसअटलांटिक गठबंधन को तोड़ा है और लातिन अमेरिका को खतरे में डाला है। यह वह विरासत नहीं है जिसपर किसी राष्ट्रपति को गर्व होना चाहिए।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मोर्टार का गोला फटने से दो बच्चों की मौत

**पेशावर :** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक मदरसे के अंदर मोर्टार का गोला फटने से दो बच्चों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना बुधवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले की मीरली तहसील के एसूरी इलाके में हुई। कुछ छात्र शेर मोहम्मद कोट गांव में स्थित मदरसा शम्स-उल-कुरान के बाहर मिले एक लावारिस मोर्टार गोले को मदरसा ले आए, जो बाद में फट गया। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों ने उस विस्फोटक को खिलौना समझ लिया और उससे खेलने लगे तभी उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बन्नू और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 दिसम्बर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष अष्टमी, 15:01 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 29:45 तक, योग : प्रीति, 11:13 तक, सूर्योदय: 06:06, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 24:15, चन्द्रास्त: 11:53, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 10:10 से 11:30

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी खड़ी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता रहेगी। अतिथियों के आगमन से खर्चा बढ़ेगा।

**वृष :** आज राशि का स्वामी शुक्र-बुध के साथ षष्ठम भाव में कोई नई परेशानी पैदा करेगा। कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

**मिथुन :** दशम भाव में कुंभ राशि का राहु और द्वितीय कोष लग्न केन्द्र भाव में बृहस्पति होने के कारण आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी।

**कर्क :** आज नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति की स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हर तरह से आपकी मदद करेंगे। खर्चों में थोड़ी कटौती करनी पड़ेगी।

**सिंह :** दिन के पूर्वार्ध में पारिवारिक जीवन में कुछ खटपट देखने को मिल सकती है। ऐसे में आपको साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें।

**कन्या :** आज आपकी राशि का स्वामी बुध तृतीय भाव में संचार कर रहा है। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम की आवश्यकता है।

**तुला :** कन्या राशि का चन्द्रमा द्वादश व्यय भाव केन्द्र में आज पराक्रम व धन की वृद्धि करेगा। न्यायालयीय मामलों में विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे।

**वृश्चिक :** राशि का स्वामी मंगल अपनी धनु राशि पर और चंद्रमा कन्या राशि के एकादश भाव में संचार कर रहा है। आज चंद्रमा की स्थिति अत्यंत अनुकूल है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा।

**धनु :** आज आपको संतान पक्ष से कोई हर्षवर्धक समाचार मिल सकता है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए-नए खर्चे निकल कर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है।

**मकर :** आपकी राशि का स्वामी शनि तृतीय भाव में और राशि से सप्तम भाव कर्क राशि का ही गुरु आज आपको सुव्यवस्था का कोई कार्य सौंपेगा। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे।

**कुम्भ :** चन्द्रमा अष्टम भाव में कन्या राशि पर संचार कर रहा है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है।

**मीन :** राशि का स्वामी कर्क में तथा प्रथम लग्न प्रमुख केन्द्र भाव में राहु राज्य विजय कारक है। आज आप अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। आपके प्रति प्रेम व आदर की भावना बढ़ेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3289

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | 15 | | | ■ | 16 | | | 17 |
| 18 | ■ | | ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| | ■ | 21 | | 22 | | ■ | 23 | ■ | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | 26 | | ■ | ■ | 27 | | |

*ऊपर से नीचे :-* 1) अश्लील; व्यर्थ, 2) छाती, 3) सदस्यता शुल्क, 4) भूकर, 5) एक खट्टी फली, 7) श्रीगणेश, 9) संगम; भेट, 10) प्राधान्य, 11) दौलतमंद, 13) चौथाई, 15) स्थिर दृष्टि, 17) हुडदंगई, 18) गुप्तरूप से, 19) शरण, 22) तर्कहीन, 23) कपड़े की दीवार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) उ. प्र. में एक शहर, 3) शिकंजा, 6) एक बिहारी स्थान जहाँ विश्व के सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय के अवशेष आज भी मौजूद हैं, 8) रात, 10) कृष्ण, 12) पेंदा, 13) पदयात्री, 14) कृष्ण, 16) यज्ञकर्ता, 19) ठौर ठिकाना, 20) .जुल्फ़, 21) इधर-उधर घूमना, 24) चतुराई, 25) किलकिलाना, 26) नुस्ख़ा, 27) पुत्री.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | रो | सा | ■ | कं | ■ | स | म | र्थ | क |
| र | ■ | ह | त | ब | ल | ■ | द | ■ | क |
| ना | पा | स | ■ | ल | ड़ | ■ | म | क | ड़ी |
| ■ | ल | ■ | भ | ■ | क | न | स्त | र | ■ |
| त | क | दी | र | ■ | प | ल | ■ | त | ■ |
| न | ■ | वा | ता | य | न | ■ | स | ब | ल |
| त | न | ना | ■ | ती | ■ | द | मा | ■ | बा |
| ना | ■ | ■ | ना | म | नि | शा | न | ■ | ल |
| ना | ■ | दे | श | ■ | ष्ठा | ■ | ता | न्जु | ब |

## सुडोकू-पहेली-3247

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 | | |
| | | | 1 | 3 | 6 | 2 | | 7 |
| 4 | | | | | 5 | | | |
| 9 | | 3 | 8 | 5 | | | | |
| | 1 | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 5 | 1 |
| | 6 | 8 | | | | | | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | | 9 | 3 | 4 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3246 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 4 | 9 |

# चंद्रकोना में बीपीएल मीटर धारक को मिला 2.83 लाख का बिजली बिल

## इससे पहले आया 1.93 लाख का बिल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के चंद्रकोना-दो ब्लॉक के दायिकुंदु ग्राम में एक बीपीएल परिवार को भारी-भरकम बिजली बिल मिला है जो पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। गोलाम नवी खान के घर बीपीएल श्रेणी का मीटर लगा है, फिर भी उन्हें 2.83 लाख रुपये का बिल भेज दिया गया। इससे पहले भी उन्हें एक लाख रुपये से अधिक का



बिल मिला था। इस मामले ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी (डब्ल्यूबीएसईडीसीएल) की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। गुरुवार की सुबह प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवार मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता है। इससे पहले आए एक 1.93 लाख रुपये के बिल के खिलाफ उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। इस बार, पिछली बार के मुकाबले एक लाख अधिक का बिल मिलने से गोलाम नवी खान का पूरा परिवार चिंतित है। वहीं, विद्युत विभाग का कहना है कि उनके रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक कोई बिल जमा नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और मीटर, पुराने बकाये तथा नए बिल सभी की समीक्षा कर उचित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि बीपीएल उपभोक्ता को राहत प्रदान की जाए और वास्तविक खपत के आधार पर नया, सही बिल जारी किया जाए। परिवार का कहना है कि इतने बड़े बिल का भुगतान करना उनके लिए असंभव है, इसलिए प्रशासन से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की गई है।

## फलता में महिलाओं के विरोध का सामना, चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करेंगे निरीक्षक सी. मुरुगन

**कोलकाता :** फलता में चुनाव आयोग के विशेष रोल पर्यवेक्षक सी. मुरुगन को गुरुवार को अचानक महिलाओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ महिलाएँ झाड़ू लेकर उनकी ओर बढ़ीं, तो कुछ ने छाता उठाकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस घटना से नाराज मुरुगन ने कहा कि वह पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय चुनाव आयोग को भेजेंगे।

मुरुगन के अनुसार, गांव की महिलाओं ने सड़क, आवास योजना, 100 दिन की मजदूरी और सरकारी सहायता न मिलने जैसी शिकायतें उठाईं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों का एसआईआर से कोई संबंध नहीं, यह केवल मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया है। फिर भी महिलाओं ने इन सवालों को लेकर



जोरदार विरोध किया।

घटना उस समय हुई जब सी. मुरुगन बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य की जाँच करने फलकता बीडीओ कार्यालय पहुँचे थे। इसके बाद वे बीडीओ शानुर बक्सी के साथ देवीपुर ग्राम पंचायत के पायराचाली क्षेत्र में 85, 86 और 87 नंबर बूथों के बुजुर्ग मतदाताओं के घर-घर जाकर यह सत्यापित कर रहे थे कि मतदाता जीवित हैं या नहीं।

इसी दौरान तृणमूल कांग्रेस समर्थित महिला समूह अचानक वहां इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर देता है। महिलाओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पूछा कि उन्हें आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिला, 100 दिन का काम बंद क्यों किया गया और सरकारी योजनाओं का पैसा रोका क्यों गया।

विरोध बढ़ने के कारण इलाके में अस्थायी तनाव उत्पन्न हो गया, जिसके बाद मुरुगन को वहाँ से लौटना पड़ा।

विशेष पर्यवेक्षक इस घटना से स्पष्ट तौर पर नाराज़ हैं और उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाली इस घटना का उल्लेख करते हुए वे शाम तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय चुनाव आयोग को भेज देंगे।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड

**मुंबई/कोलकाता :** भारत की अग्रणी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए फ़ंड के लॉन्च पर बोलते हुए, एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने कहा: सोना और चांदी ऐतिहासिक रूप से मुद्रास्फीति और मुद्रा अस्थिरता के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान करते रहे हैं और पोर्टफोलियो को विविधता देने में सहायता करते हैं। एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड के माध्यम से, हम निवेशकों को इन कीमती धातुओं में एक्सपोज़र प्राप्त करने का सरल और किफायती तरीका दे रहे हैं, वह भी फिजिकल स्वामित्व की जटिलताओं के बिना।

### प्रधानमंत्री ने एचटी एट 100 फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान टाइम्स के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित राष्ट्रव्यापी फोटोग्राफी प्रतियोगिता एचटी एट 100 'माय कंट्री, माय लेंस' के शीर्ष 12 विजेताओं को सम्मानित किया। यह समारोह हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2025 में आयोजित हुआ, जहां प्रधानमंत्री ने हिंदुस्तान टाइम्स की चेयरपर्सन एवं एडिटोरियल डायरेक्टर शोभना भरतिया की उपस्थिति में विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य नागरिकों को देश को अपनी दृष्टि से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना था। इसमें 30 से अधिक शहरों से सीमाएं, नदियां, स्मारक और समुदाय जैसे विषयों पर 10,000 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पहल देश में फोटोग्राफी के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेगी। शोभना भरतिया ने बताया कि हिंदुस्तान टाइम्स के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव भारत और उसके लोगों की सामूहिक कहानियों का सम्मान है। प्रतियोगिता की जूरी-रोहित चौला, धृतिमान मुखर्जी और अजय अग्रवाल-ने शीर्ष 100 तस्वीरों का चयन किया।

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर अनिश्चितता

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ष समाप्ति की ओर है। नए वर्ष की शुरुआत होने में कुछ सप्ताह बाकी हैं, लेकिन बंगाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र अभी तक शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में विधानसभा के अंदर ही यह सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार सत्र होगा भी या नहीं। सामान्य तौर पर, शीतकालीन सत्र हर साल नवंबर के अंतिम सप्ताह से दिसंबर के दूसरे सप्ताह के बीच आयोजित होता है। पर, इस बार, दिसंबर का दूसरा सप्ताह भी बीतने को है और विधानसभा सचिवालय की ओर से सत्र को लेकर कोई सूचना नहीं है। राजनीतिक गलियारों का एक वर्ग यह मान रहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के कारण ही राज्य सरकार शीतकालीन सत्र पर कोई फैसला नहीं ले पा रही है। वहीं, विरोधी दल के नेता सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा विधायक दल की सत्र पर करीबी नजर है। विधानसभा सूत्रों के अनुसार, सत्र बुलाने का निर्णय पूरी तरह से राज्य सरकार पर निर्भर करता है। राज्य सरकार के पास यदि सत्र से संबंधित कोई विधेयक, प्रस्ताव या अन्य विषय होता है, तो वह इसकी सूचना स्पीकर को देती है। स्पीकर फिर राजभवन के समन्वय से विधानसभा सत्र बुलाते हैं। पर, इस मामले में नवान्न (राज्य सचिवालय) की ओर से स्पीकर बिमान बनर्जी को शीतकालीन सत्र शुरू करने का कोई संदेश नहीं मिला है, इसलिए वह इस विषय पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। तृणमूल विधायक दल के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने बताया है कि उन्हें अभी तक शीतकालीन सत्र की तैयारी शुरू करने का कोई निर्देश नहीं मिला है। हालांकि, तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी विधायकों को एसआइआर के काम पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है। इसी निर्देश का पालन करते हुए, तृणमूल विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में एसआइआर के काम में लगे हैं। कानून विभाग के सूत्रों का कहना है कि इसी कारण राज्य सरकार की ओर से शीतकालीन सत्र की कोई तैयारी नहीं की गई है।

## हावड़ा डिवीजन में ब्रिज रखरखाव कार्य के चलते ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के शेवड़ाफुली सेक्शन में शेवड़ाफुली और दीआरा स्टेशनों के बीच ब्रिज रखरखाव कार्य के कारण 13 और 14 दिसंबर को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लगाया जाएगा। यह ब्लॉक 13 दिसंबर की रात 22:50 बजे से 14 दिसंबर की सुबह 09:50 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान ट्रेन परिचालन में विशेष प्रबंध किए गए हैं। 13 दिसंबर को तारकेश्वर-हावड़ा रूट की 37352 और 37354 ट्रेनें तथा हावड़ा-तारकेश्वर की 37349 और 37351 ट्रेन रद्द रहेंगी। 14 दिसंबर को कई ट्रेनें रद्द की जाएंगी, जिनमें तारकेश्वर-हावड़ा (37312, 37314, 37316, 37318, 37320, 37322, 37356, 37358), तारकेश्वर-शेवड़ाफुली (37412, 37416), गोघाट-हावड़ा (37372), आरामबाघ-हावड़ा (37360), हरीपाल-हावड़ा (37308), हावड़ा-गोघाट (37371), हावड़ा-तारकेश्वर (37309, 37311, 37313, 37315, 37317, 37353, 37355), हावड़ा-आरामबाघ (37359), शेवड़ाफुली-तारकेश्वर (37411, 37415) और हावड़ा-हरीपाल (37307) ट्रेनें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 14 दिसंबर को 37373 ट्रेन केवल तारकेश्वर से 09:10 बजे चलेगी और गोघाट तक सीमित रहेगी। वहीं, 37324 ट्रेन का समय इस दिन 09:32 बजे से बदलकर 09:42 बजे कर दिया गया है।

## हावड़ा डिवीजन ने यात्रियों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के लिए रेलवन ऐप का किया प्रचार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने गुरुवार को बेलुर मठ में यात्रियों और तीर्थयात्रियों के बीच रेलवन ऐप के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष प्रचार अभियान आयोजित किया। यह पहल वरिष्ठ डिविजनल कमर्शियल मैनेजर, हावड़ा के मार्गदर्शन में संचालित की गई। हावड़ा कोचिंग के असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर की अगुवाई में कमर्शियल टीम ने तीर्थयात्रियों से संवाद किया और उन्हें रेलवन ऐप की प्रमुख सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इन सुविधाओं में आरक्षित और अनारक्षित टिकट की ऑनलाइन बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, वास्तविक समय में ट्रेन की




जानकारी, पीएनआर स्थिति, रिफंड सुविधा, रेल मदद सेवाएं और कई अन्य डिजिटल सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रकार के उच्च-भीड़ वाले स्थल पर आयोजित प्रचार अभियान ने डिजिटल टिकटिंग के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और डिवीजन में भारतीय रेलवे की स्मार्ट, आधुनिक और यात्री-केंद्रित सेवाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के अनुरूप रहा।

## कोलकाता के समाजसेवी आबिद टुंडावाला का निधन, समाज में शोक की लहर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पोलोक स्ट्रीट के निवासी और समाजसेवी आबिद टुंडावाला का निधन महिसुर में हो गया। समाजसेवा में उनकी सक्रिय भूमिका और विभिन्न संस्थाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के कारण वे कोलकाता में विशेष रूप से पहचाने जाते थे। वार्ड 45 में भी वे अपने सामाजिक कार्यों और जनसेवा के लिए सम्मानित माने जाते थे। पार्षद संतोष कुमार पाठक, चंद्रेश मेघाणी, स्वपन बर्मन, दिलेश भिमाणी, अबासी बकशावाला, परेश दफतरी सहित कई लोग उन्हें अपना घनिष्ठ मित्र और सुख-दुख का साथी मानते थे। चंद्रेश मेघाणी ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपने लिए एक



सच्चे भाई को खो दिया है और उनकी याद हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इतनी जल्दी उनके चले जाने की किसी ने कल्पना नहीं की थी। समाज के कई लोगों ने आबिद टुंडावाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## मालदह डिवीजन ने एक दिन में 3.74 करोड़ की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग स्क्रैप बिक्री हासिल की

**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने जीरो-स्क्रैप मिशन के तहत स्थायी संपत्ति प्रबंधन और राजस्व अनुकूलन में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में डिवीजन ने कुशल संसाधन उपयोग और पारदर्शी निपटान प्रथाओं में उत्कृष्टता का लगातार प्रदर्शन किया है। 10 दिसंबर को, मालदह डिवीजन ने एक दिन में 3.74 करोड़ की स्क्रैप बिक्री कर एक नया रिकॉर्ड बनाया, जो अब तक की सबसे बड़ी एक-दिन की स्क्रैप बिक्री है। इस नीलामी में लगभग 565.05 मीट्रिक टन स्क्रैप सामग्री-जिसमें पी-वे स्क्रैप, स्क्रैप रेल और अन्य विविध



वस्तुएं शामिल थीं।

यह उपलब्धि मोसेस नाग, सीनियर डिविजनल मटेरियल मैनेजर, मालदह की निगरानी में संभव हुई। इस सफलता से मालदह डिवीजन की सक्रियता और जिम्मेदार संपत्ति निपटान प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता उजागर होती है। गैर-सेवा योग्य संपत्तियों को मूल्यवान राजस्व में परिवर्तित कर, पूर्व रेलवे की वित्तीय मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मालदह डिवीजन भविष्य में भी अपनी प्रदर्शन गति बनाए रखने और जीरो-स्क्रैप मिशन को और मजबूत करने के लिए योजना और निपटान प्रक्रियाओं को और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सर्दियों में त्वचा की देखभाल के लिए कैलिफोर्निया बादाम हैं उपयोगी : ऋतिका समद्दार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सर्दियों में ठंडी हवा और कम नमी के कारण त्वचा शुष्क, बेरंग और संवेदनशील हो जाती है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड डायटेटिक्स ऋतिका समद्दार के अनुसार, केवल बाहरी स्किनकेयर पर्याप्त नहीं है; त्वचा को अंदर से पोषण देना अधिक प्रभावी तरीका है। ऋतिका बताती हैं कि प्रोटीन, ओमेगा-3, विटामिन ई और स्वस्थ वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे कैलिफोर्निया बादाम त्वचा को अंदर से हाइड्रेटेड, मुलायम और स्वस्थ बनाए रखते हैं। बादाम विटामिन ई, हेल्दी फैट्स, प्रोटीन, जिंक और राइबोफ्लेविन से भरपूर होते हैं, जो त्वचा की इलास्टिसिटी बढ़ाते, झुर्रियों और सूखापन को कम करते हैं। इसके अलावा, बादाम गट हेल्थ को सुधारकर सूजन और ब्रेकआउट की समस्याओं को भी कम करता है। ऋतिका समद्दार का कहना है, रोजाना सुबह बादाम खाने से त्वचा मजबूत, दमकती और मौसम के अनुसार स्वस्थ रहती है।

### भारतीय परिवारों की पसंद बनी फोन-फ्री डिनर टेबल, वीवो स्विच ऑफ स्टडी 2025

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो इंडिया ने अपनी वार्षिक स्विच ऑफ रिपोर्ट का सातवाँ एडिशन जारी किया, जिसमें यह समझने की कोशिश की गई है कि ज़्यादा स्मार्टफोन चलाने से माता-पिता और बच्चों के रिश्तों पर क्या असर पड़ रहा है। स्विच ऑफ कैंपेन के उद्देश्य को समझाते हुए, गीताज चन्नाना, हेड ऑफ कॉरपोरेट स्ट्रैटेजी वीवो इंडिया ने कहा, वीवो में हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी को असली रिश्तों को मजबूत करना चाहिए, न कि लोगों के बीच दूरी बढ़ानी चाहिए। स्मार्टफोन सीखने, सुविधा और कनेक्शन देते हैं, लेकिन उन्हें समझदारी से इस्तेमाल करना ज़रूरी है ताकि परिवारों में हेल्दी इंटरैक्शन बन सके। इस साल की स्विच ऑफ स्टडी के नतीजे हमें याद दिलाते हैं कि परिवार अब संतुलन ढूँढ रहे हैं, ज़रूरी पलों में डिस्कनेक्ट होने का चुनाव कर रहे हैं और अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में फिर से प्रेज़ेंस को वापस ला रहे हैं।

### वीवो एक्स300 सीरीज़ और नेशनल जियोग्राफिक क्रिएटिव वर्क्स का कोलेबरेशन

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो ने नेशनल जियोग्राफिक क्रिएटिव वर्क्स के साथ अपने नए कोलेबरेशन 'गो इंटू द वाइल्ड' की घोषणा की। यह एक इमर्सिव फ़ोटोग्राफी और स्टोरीटेलिंग इनिशिएटिव है, जिसे पूरी तरह नई वीवो एक्स300 सीरीज़ पर शूट किया गया है। कोलेबरेशन पर बोलते हुए वीवो इंडिया के कॉरपोरेट स्ट्रैटेजी हेड, गीतेज चन्नाना ने कहा वीवो में हमारा उद्देश्य ऐसी तकनीक विकसित करना है जो लोगों को क्रिएट करने, एक्सप्लोर करने और अपने आस-पास की दुनिया से गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित करे। एक्स300 सीरीज़ इसी मिशन को आगे बढ़ाती है, जहाँ हमारी इमेजिंग एक्सपर्टीज़ उन्नत एआई और ऑप्टिकल इनोवेशन के साथ मिलकर पलों को जबरदस्त क्लेअरिटी और इमोशंस के साथ कैप्चर करती है।

## हावड़ा में श्री जैन विद्यालय (बालिका विभाग) में विज्ञान प्रदर्शनी महोत्सव का भव्य आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय (बालिका विभाग) में गुरुवार को विज्ञान-प्रदर्शनी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं और प्री-प्राइमरी की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने बालिकाओं की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रदर्शनी में आए दर्शकों ने विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण किया और छात्राओं से उनके विषय में सवाल-जवाब भी किए, जिनका छात्राओं ने दक्षतापूर्वक उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया।



प्रदर्शनी में थर्मल पावर प्लांट, हाइड्रोलिक पाथवे, रोबोटिक आर्म, सोलर सिस्टम, लंदन ब्रिज, रॉकेट मॉडल, जियो-स्टेशनरी सैटेलाइट सहित कई नवोन्मेषी प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुचिस्मिता भट्टाचार्य (प्रदर्शनी संयोजिका), संचित चौधरी, श्रीजीता बाग, राय बनर्जी, नेहा मिश्रा, सुजाता घीया, रजनी रावत, नेहा हलवाई, शोभना दास और सामंती हाजरा सहित कई शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मौसुमी घोषाल, दिवस विभाग की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधुरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापिका मौसुमी घोषाल ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर शिक्षिकाओं और छात्राओं को बधाई दी। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उनकी रचनात्मक सोच को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### हावड़ा डिवीजन ने प्लास्टिक कचरा कम करने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने प्लास्टिक कचरे को कम करने और भविष्य के लिए स्वच्छ व टिकाऊ पर्यावरण बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। कार्बन फुटप्रिंट कम करने और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत, डिवीजन ने हावड़ा स्टेशन परिसर से पीईटी (पॉलीइथिलीन टेरेफ्थेलेट) बोतलों का सक्रिय




रूप से संग्रह किया। प्लास्टिक रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए हावड़ा में उच्च क्षमता वाली बैलिंग मशीन स्थापित की गई। इस सुविधा का उपयोग कर डिवीजन ने संग्रहित पीईटी बोतलों को रीसायक्लेबल बैलों में परिवर्तित किया, जिसके परिणामस्वरूप 9 टन पीईटी बोतलों के बैल तैयार हुए, जो भारतीय रेलवे में एक रिकॉर्ड है। इन बैलों को अधिकृत और पंजीकृत रीसाइक्लरों को नीलामी के माध्यम से सौंपा गया, जिससे प्लास्टिक का जिम्मेदार पुन: उपयोग सुनिश्चित हुआ। इस नीलामी से 3.33 लाख का गैर-भुगतान राजस्व उत्पन्न हुआ और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई। हावड़ा डिवीजन की यह पहल न केवल रेलवे में टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## एचआरएस अलुग्लेज लिमिटेड का आईपीओ 11 दिसंबर से खुलेगा

### कंपनी 50.92 करोड़ रुपये जुटाने की तैंयारी में


**कोलकाता, समाज्ञा :** एचआरएस अलुग्लेज लिमिटेड अपने आईपीओ के माध्यम से 50.92 करोड़ रुपये तक जुटाएगी। यह निर्गम 11 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक खुला रहेगा। ऑफर का प्रबंधन क्यूम्युलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड कर रही है और कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। यह इश्यू कुल 53.04 लाख इक्विटी शेयरों के फ्रेश ऑफर से बना है, जिसमें से 50.29 लाख शेयर सार्वजनिक निवेशकों के लिए उपलब्ध होंगे। शेयरों का मूल्य वर्धित अंक 10 रुपये और मूल्य सीमा 94 से 96 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। खुदरा निवेशकों के लिए न्यूनतम आवेदन 2,400 शेयरों का है, जिसके लिए ऊपरी मूल्य सीमा पर 2.30 लाख रुपये का निवेश आवश्यक होगा। इश्यू से प्राप्त राशि में से 18.30 करोड़ रुपये अहमदाबाद के राजोदा में फसाड असेंबली तथा कांच ग्लेज़िंग लाइन स्थापित करने, 19 करोड़ रुपये कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए और शेष राशि सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों हेतु उपयोग की जाएगी। 2012 में स्थापित कंपनी के पास 30 सितंबर 2025 तक 28 सक्रिय परियोजनाएं हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कंपनी ने 26.35 करोड़ रुपये की आय दर्ज की है और अपने सुदृढ़ वित्तीय प्रदर्शन तथा विस्तार योजनाओं के साथ निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है।

## एनसीएसएम ने देशभर में कार्यक्रमों से दीपावली के यूनेस्को सूचीकरण का मनाया जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** यूनेस्को की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज ऑफ ह्यूमैनिटी की प्रतिनिधि सूची में दीपावली के ऐतिहासिक सम्मिलन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) द्वारा देशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उपलब्धि को भारत की सांस्कृतिक पहचान के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

कोलकाता स्थित मुख्यालय में समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें एनसीएसएम के महानिदेशक ए.डी. चौधरी, उप महानिदेशक अनुराग कुमार, सीआरटीएल के निदेशक के.एस. मुरली और निदेशक (मुख्यालय) राजीब नाथ उपस्थित थे। मुख्यालय भवन को उत्सव के अनुरूप रोशन किया गया और प्रवेश द्वार पर दीपावली के यूनेस्को सूची में शामिल होने से जुड़ा वीडियो प्रदर्शित किया गया। यह मान्यता नई दिल्ली के लाल किला परिसर में आयोजित यूनेस्को समिति के 20वें सत्र में घोषित की गई थी।

इस अवसर पर एनसीएसएम की 26 इकाइयों में दीपावली की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत को उजागर करने वाले कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें हेरिटेज इल्युमिनेशन सेरेमनी, फेस्टिवल ऑफ लाइट्स प्रदर्शनी, लाइट साइंस




डेमोंस्ट्रेशन, इंटैन्जिबल हेरिटेज सेशन, तथा रंगोली एवं दीया आधारित रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं।

महानिदेशक चौधरी ने इसे राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह मान्यता भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का वैश्विक सम्मान है। उप महानिदेशक अनुराग कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की विरासत संरक्षण की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। दीपावली अब यूनेस्को की सूची में शामिल 16वां भारतीय सांस्कृतिक तत्व बन गई है, जो ज्ञान, आशा और प्रकाश की विजय का प्रतीक मानी जाती है।

## मुर्शिदाबाद में बैंगन तोड़ने को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या

**मुर्शिदाबाद :** जिले के जालंगी थाना अंतर्गत बिदुपुर कॉलोनी में गुरुवार की सुबह बैंगन तोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम शाह जमाल मंडल (50) है। वे मुर्शिदाबाद के जालंगी थाना अंतर्गत बिदुपुर कॉलोनी के निवासी थे। उनके अन्य भाइयों के घर भी पास में ही हैं। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में जमाल ने अपने बड़े भाई नाजिर मंडल के घर के पास लगे पौधों से बैंगन तोड़े थे।

इस घटना को लेकर छोटे भाई अशरफुल और भतीजे एनामुल के साथ उनकी तीखी बहस हो गई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विवाद के दौरान अशरफुल और एनामुल ने घर में पड़े लोहे के पाइप से जमाल के सिर पर वार कर दिया। खून से लथपथ हालत में जमाल घटनास्थल पर ही गिर पड़े। परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों ने तुरंत उन्हें बचाकर इलाके के अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपित भाई आशरफुल और भतीजे एनामुल की गिरफ्तारी के लिए तलाश अभियान तेज कर दिया है।

### कांग्रेस 20 दिसंबर को करेगी संविधान का 'सार्वजनिक पाठ'

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभंकर सरकार ने गुरुवार को घोषणा की कि 20 दिसंबर को धर्मतला इलाके में संविधान का 'सार्वजनिक पाठ' किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'सहस्र कोंटेय संगबिधान पाठ' (हजारों स्वरों में संविधान का पाठ) पहल का मकसद नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के बारे में जन- जागरूकता बढ़ाना है। सरकार ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि 20 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे, रानी रासमणि रोड पर 100 लोग संविधान पढ़ेंगे। इस कार्यक्रम में सभी समुदायों, धर्मों, जातियों और पंथों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को उसके मौलिक अधिकार देता है। सरकार ने यह भी कहा कि 'सार्वजनिक पाठ' संवैधानिक सुरक्षा उपायों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों का एक प्रतीकात्मक दावा है।

# क्रिसमस-न्यू ईयर के मद्देनजर केएमसी रखेगी सख़्त निगरानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) इस बार क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान होटल, बार, नाइट क्लब और रेस्तरां पर विशेष निगरानी अभियान चलाएगा। एक वरिष्ठ केएमसी अधिकारी ने बताया कि यह कदम मनोरंजन कर नियमों एवं सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। शहर में




उत्सवी सीजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसी को देखते हुए केएमसी ने 23 दिसंबर से तीन जनवरी तक इन सभी जगहों पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया है। यह निर्णय गोवा के एक नाइट क्लब में हाल ही में लगी आग की घटना के बाद लिया गया है, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। केएमसी अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम के लिए नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है और मनोरंजन कर का भुगतान करना भी जरूरी है। आरोप है कि कई होटल और हाई-एंड नाइटक्लब हर साल बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इस बार ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि अगर कोई कार्यक्रम बिना अनुमति आयोजित हुआ या अनुमति की शर्तों का उल्लंघन किया गया, तो भारी जुर्माना लगेगा। खासतौर पर, यदि कार्यक्रम रात 12 बजे के बाद चलता है, तो मनोरंजन कर दोगुना हो जाता है। इन नियमों की निगरानी के लिए रोज शाम छः बजे से टीमें तैनात रहेंगी, और कुछ दिनों में आधी रात के बाद भी जांच होगी। सुरक्षा उपायों- जैसे अग्निशामक यंत्र, सही प्रवेश-निकास मार्ग, वेंटिलेशन आदि की भी विस्तृत जांच की जाएगी। यह निगरानी अभियान केवल होटलों और रेस्तरां तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मेलों, प्रदर्शनी स्थलों, पार्कों और खुले मैदानों में होने वाले मनोरंजन कार्यक्रम भी इसमें शामिल होंगे।

## संदेशखाली मामले के गवाह ने दुर्घटना के बाद 'सुनियोजित हत्या' का आरोप लगाया

❑ **थाने में आठ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेश-खाली में ईडी अधिकारियों पर हमले और उससे जुड़े सीबीआई मामलों के प्रमुख गवाहों में शामिल भोलानाथ घोष ने अपने बेटे और कार चालक की मौत के एक दिन बाद गुरुवार को 'सुनियोजित हत्या' का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिससे साजिश की अटकलें तेज हो गईं। घोष ने अपनी शिकायत में आठ लोगों का नाम लिया है और अपने वकील कालीचरण मंडल के साथ पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले के नाज़ात स्थित राजबारी पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने की पुष्टि की, लेकिन आरोपियों के नाम बताने से इनकार कर दिया। वहीं, इस बात पर सवाल



उठ रहे हैं कि क्या जेल में बंद तृणमूल नेता शेख शाहजहां का नाम भी इसमें शामिल है। वरिष्ठ जिला पुलिस अधिकारियों ने इस संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया और केवल इतना कहा कि सभी विवरण जांच का हिस्सा होंगे। घटना के लगभग 24 घंटे बाद गुरुवार को परिवार ने औपचारिक रूप से पुलिस से संपर्क किया। देरी के बारे में पूछे जाने पर वकील मंडल ने कहा कि भोलानाथ शोक में डूबे थे। उन्होंने अपने बेटे को खो दिया था, वे घायल भी हुए थे। इसीलिए आज प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की।

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से बांग्लादेश सीमा के खाली हिस्से पर कांटेदार बाड़ लगाने में देरी का पूछा कारण

### 22 दिसंबर तक हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को बंगाल सरकार को बांग्लादेश के साथ राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कांटेदार बाड़ लगाने के मुद्दे पर अपनी टिप्पणियों का विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जहां अभी तक बाड़ नहीं लगी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की पीठ ने बंगाल सरकार को मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित अगली तारीख 22 दिसंबर तक हलफनामा प्रस्तुत करने को कहा। हाई कोर्ट यह निर्देश बंगाल में बांग्लादेश के साथ बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तत्काल कांटेदार बाड़ लगाने की मांग वाली जनहित याचिका की सुनवाई के बाद दिया। पीठ के आदेश के अनुसार, राजय सरकार को अपने हलफनामे में यह बताना होगा कि बिना बाड़ वाली सीमाओं पर कांटेदार बाड़ लगाने के लिए जमीन केंद्रीय गृह मंत्रालय को क्यों नहीं सौंपी गई, जबकि गृह मंत्रालय ने अधिग्रहण की पूरी लागत का भुगतान कर दिया था। खंडपीठ ने यह भी टिप्पणी की कि राज्य सरकार के हलफनामे पर आपत्ति होने की स्थिति में, केंद्र सरकार को अपने तर्क प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल भूमि एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव को भी मामले में पक्षकार बनाया जाए।

## बाबरी मस्जिद विवाद के बीच भाजपा नेता ने राज्य में राम मंदिर बनाने की घोषणा

❑ **साल्टलेक इलाके में जगह-जगह लगाए गए पोस्टर**

❑ **26 मार्च को रामनवमी के दिन होगा भूमि पूजन और आधारशिला रखने का समारोह**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मंदिर-मस्जिद की राजनीतिक लड़ाई में तेजी आने के साथ गुरुवार को साल्टलेक इलाके में जगह-जगह पोस्टर दिखे, जिनमें महानगर के पूर्वी किनारों पर अयोध्या-शैली के राम मंदिर बनाने की योजनाओं की घोषणा की गई है। अयोध्या की तरह प्रस्तावित मंदिर परिसर में एक स्कूल, अस्प-ताल, वृद्धाश्रम और अन्य कल्याणकारी सुविधाओं का वादा किया गया है। ये पोस्टर स्थानीय भाजपा नेता और पूर्व स्थानीय इकाई अध्यक्ष संजय पोयरा के बताए जा रहे हैं। साल्टलेक के सिटी सेंटर,




करुणामयी और बिधाननगर के कई अन्य प्रमुख इलाकों में ये पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर के जरिए भाजपा नेता ने घोषणा की है कि चार बीघा जमीन पर अयोध्या की संरचना के समान भव्य राम मंदिर बनाया जाएगा और इलाके के निवासियों से इस परियोजना के लिए दान के रूप में एक रुपया देने का आग्रह किया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा नेता पोयरा ने इस पहल को 'राम राज्य' में निहित एक सामाजिक-आध्यात्मिक आंदोलन बताया। उन्होंने बताया कि साल्टलेक से सटे बिधाननगर में यह राम मंदिर बनेगा - ठीक वैसा ही जैसा उत्तर प्रदेश के अयोध्या में है।उन्होंने घो-षणा की कि भूमि पूजन और आधारशिला रखने का समारोह 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। सभी क्षेत्रों से हिंदू सनातनी इसमें इकट्ठा होंगे। उन्होंने कहा कि राम के राज्य में राम का मंदिर होना चाहिए। मंदिर के लिए हमने जमीन की भी पहचान कर ली है, लेकिन मैं अभी जगह का खुलासा नहीं करूंगा। अगर हम इसका खुलासा करते हैं, तो बाधाएं पैदा होंगी। उन्होंने दावा किया कि कई लोगों ने ज़मीन दान करने की पेशकश की है, कई लोगों ने निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने की पेशकश की है, और कुछ ने तो मूर्तियां दान करने की भी इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अगर लोग मंदिर के लिए एक रुपया भी दान करना चाहते हैं, तो हम उसे खुशी-खुशी स्वीकार करेंगे। पोयरा ने आगे कहा कि यह सिर्फ एक मंदिर नहीं होगा, यह सेवा का केंद्र होगा।

## सीबीआई ने शेख शाहजहां के खिलाफ दाखिल की जांच रिपोर्ट

### करीब तीन हजार शिकायतों का ब्योरा कोर्ट में पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सन्द-शखाली के निलम्बित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ दर्ज करीब तीन हजार व्यक्तिगत शिकायतों का विस्तृत ब्योरा शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में पेश किया। बताया गया है कि इनमें सबसे गंभीर आरोप पिछले साल ईडी अधिकारियों और उनके साथ मौजूद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों पर हमले से जुड़े हैं। यह हमला शाहजहां के घर पर छापे की कोशिश के दौरान हुआ था। जानकारी के अनुसार, अन्य शिकायतों में सन्देशखाली में जमीन पर जबरन कब्जा, खेतिहर जमीन को अवैध तरीके से नमकीन पानी



छोड़कर मत्स्यपालन तालाब में बदलना और स्थानीय महिलाओं के साथ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में उन सबूतों का भी उल्लेख किया है, जो इन मामलों में शाहजहां के खिलाफ आरोपों को मजबूत करते हैं। साथ ही उन करीबियों के नाम भी उजागर किए गए हैं, जो इन अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में सक्रिय बताए गए हैं।

## 'कीर्तन : द हेरिटेज ऑफ बंगाल' का विशेष प्रदर्शन और लाइव कॉन्सर्ट कोलकाता में

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाली कीर्तन की परंपरा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'कीर्तन : द हेरिटेज ऑफ बंगाल' का विशेष स्क्रीनिंग और लाइव कॉन्सर्ट कोलकाता के बिरला एकेडेमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। देबलीना घोष द्वारा निर्देशित यह डॉक्यूमेंट्री हाल ही में पेरिस के फ़ेस्टिवल टेरेस डू बंगाले में सफलतापूर्वक प्रीमियर के बाद अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से अपार सराहना प्राप्त कर चुकी है। उसी उत्साह को साथ लेकर बुधवार की शाम कोलकाता में फिल्म का पहला प्राइवेट स्क्रीनिंग आयोजित किया गया। स्क्रीनिंग के बाद देबोलिना घोष का लाइव कीर्तन कॉन्सर्ट और एक ओपन डिस्कशन हुआ, जहां उपस्थित दर्शकों के साथ फिल्म के निर्माण-प्रक्रिया, शोध और आधुनिक समय में कीर्तन परंपरा की प्रासंगिकता पर आल-ोचना किया गया।

## कोटक सिक्योरिटीज 2026 मार्केट आउटलुक: शेयर बाजार मजबूत, सोना चमकता रहेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और सोने में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। रिपोर्ट में आने वाले साल के प्रमुख आर्थिक रुझान, निवेश के




अवसर और कमोडिटी की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया है। एमडी और सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत विकास का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी राय सकारात्मक है और सोना सुरक्षित निवेश के रूप में चमक बनाए रखेगा। युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूत होगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2025 में निफ्टी ने पिछली गिरावट के बावजूद नए आल टाइम हाई तक पहुंचा। लार्ज-कैप कंपनियों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मिड-कैप और स्मॉल-कैप पिछड़ गए। आगामी वर्ष में निफ्टी का बेस केस 29,120, बुल केस 32,032 और बियर केस 26,208 रखा गया है। कमोडिटी में सोने की कीमतें मजबूत रहने की संभावना है, चांदी ने 100% तक वृद्धि दर्ज की, जबकि क्रूड ऑयल में 19% गिरावट रही। बीएफएसआई, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर निवेशकों के लिए प्रमुख रहेंगे।

## बीएलओ को थप्पड़ मारने का आरोप

**हुगली, समाज्ञा**

बीएलओ पर लगातार बढ़ते मानसिक दबाव की शिकायत लंबे समय से सामने आ रही है। इसी बीच चांपदानी के एक बीएलओ को मीटिंग के दौरान थप्पड़ मारे जाने का गंभीर आरोप लगा है। बीएलओ अधिकार रक्षा समिति इस घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत उस बीए-लओ से मुलाकात कर उसे भरोसा दिलाया।चांपदानी विधानसभा क्षेत्र के 111 नंबर बूथ के बीएलओ लालू निया, जो बैद्यबाटी कल्पना बसु बॉयज अकादमी स्कूल के शिक्षक हैं। आरोप है कि कुछ दिन पहले श्रीरामपुर महकमा शासक कार्यालय में बीएलओ की बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी अभिजीत दास ने उन्हें सबके सामने थप्पड़ मारा। दरअसल जिस बूथ में बीएलओ ने एएआईआर का काम किया था, वहां कुछ मतदाता नहीं मिल पाए। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार, लापता मतदाताओं की सूची बूथ क्षेत्र में सार्वजनिक नोटिस के रूप में चिपकाई गई थी। बीएलओ ने अपना मोबाइल नंबर भी नोटिस पर लिखा था ताकि कोई मतदाता नोटिस देखकर संपर्क कर सके। यही खबर मीडिया में प्रकाशित होने के बाद आयोग के अधिकारी नाराज़ हो गए।

यह जानकारी मिलने के बाद बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के शिक्षक सदस्य उस शिक्षक-बीएलओ से मिले। समिति पहले ही चुनाव आयोग के कार्यालय के सामने बीएलओ पर अत्यधिक मानसिक दबाव डालने के विरोध में आंदोलन कर रही है।

शिक्षक नेता शुभेंदु गड़ाई ने कहा सिर्फ एक रिपोर्ट मीडिया में आने की वजह से बीएलओ को सबके सामने थप्पड़ मारा गया। हम राज्य नेतृत्व के निर्देश पर उनका समर्थन करने आए हैं। उन्हें ऑफिस में बुलाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, डराया जा रहा है, यहां तक कहा जा रहा है कि काम ठीक से न करने पर एफआईआर किया जाएगा। शिक्षक डरे हुए हैं। जरूरत पड़ी तो हम फिर से घेराव और आंदोलन करेंगे। हुगली के अतिरिक्त जिलाशासक तरुण कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि घटना की जांच की जाएगी और तथ्य स्पष्ट किए जाएंगे।

## प्रशासन की अनुमति के बिना किया गया बाबरी मस्जिद का शिलान्यास, हाई कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में एक और जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों से आवश्यक अनुमति के बिना ही बाबरी मस्जिद का शिलान्यास किया गया। इसके लिए कोई सरकारी अनुमति नहीं है। हाई कोर्ट के अधिवक्ता अर्नब कुमार घोष ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर कर हस्तक्षेप करने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि यह मस्जिद राच्य में सांप्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के बजाय एक समुदाय की भावनाओं का फायदा उठाकर बनाई जा रही है।



सुप्रीम कोर्ट मूल बाबरी मस्जिद पर अपना फैसला पहले ही दे चुका है। इसके बाद नए सिरे से बाबरी मस्जिद बनाने के नाम पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही याचिका पर सुनवाई होने की संभावना है। बता दें कि गत छह दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास किया था। उन्होंने 300 करोड़ की लागत से मस्जिद बनाने की घोषणा की है।

## भांगड़ में सड़क हादसे में कोलकाता पुलिस के एएसआई की मौत

❑ **घने कोहरे के बीच ओवरटेक करने के दौरान ट्रक ने बाइक सवार पुलिस अधिकारी को मारी टक्कर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के एक एएसआई की गुरुवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। पता चला है कि घर जाते समय भांगड़ के बैरामपुर इलाके में एक ट्रक की चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने उन्हें बचाया और स्थानीय नलमुड़ी अस्पताल ले गए। लेकिन, उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शहाबुद्दीन बिस्वास (45) के रूप में हुई है। वह मालदह जिले के निवासी थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह अभी भांगड़ डिविजन के डीसी ऑफिस में कोलकाता पुलिस के एएसआई के तौर पर काम कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से कोलकाता के बॉडीगार्ड लाइन क्वार्टर के लिए निकले थे। इस दौरान, सड़क पर घना कोहरा था। बैरामपुर के पास घने कोहरे के बीच अचानक एक ट्रक ने उन्हें पीछे से ओवरटेक करने की कोशिश की। उसी समय, ट्रक ड्राइवर कंट्रोल खो बैठा और शहाबुद्दीन की बाइक से टक्कर मार दिया। टक्कर से शहाबुद्दीन बिस्वास सड़क पर गिर गया। ट्रक का पहिया उनकी कमर के ठीक ऊपर से निकल गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, उन्हें जल्दी से बचाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच पाई। खबर मिलते ही डीसी सैकत घोष समेत वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। हालांकि, घटना के बाद ट्रक को जब्त कर लिया गया, लेकिन ड्राइवर का कोई पता नहीं चला। पुलिस उसकी तलाश में ज़ोर-शोर से तलाश कर रही है। पुलिस ट्रक की नंबर प्लेट देखकर भी पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जांच करने वालों का कहना है कि कातिल ड्राइवर को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। यह खबर मृतक के घरवालों तक पहुंच गई है।

## शशि थरूर को डी. लिट की डिग्री देगी कोलकाता की सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी कांग्रेस सांसद व मशहूर लेखक शशि थरूर को डी. लिट की डिग्री देगी। यूनिवर्सिटी का सातवां कॉन्वोकेशन सेरेमनी 21 फरवरी 2026 को होगा। डिग्री देने की सेरेमनी स्पेशल गेस्ट के साथ होगी। शशि थरूर को इस इवेंट में स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर डी. लिट की डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर जॉन फेलिक्स राज ने कहा कि हमने तय किया है कि इस साल यूनिवर्सिटी तिरुवनंतपुरम से सांसद डॉ शशि थरूर को ऑनरेरी डी. लिट की डिग्री देगी। वह 2019 में यूनिवर्सिटी के पहले कॉन्वोकेशन सेरेमनी में चीफ गेस्ट थे। डॉ. थरूर यूनिवर्सिटी की प्रोग्रेस के बारे में हमसे रेगुलर कॉन्टैक्ट भी रखते हैं। दीक्षांत समारोह न्यू टाउन के बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में होगा। यूनिवर्सिटी ने घोषणा की है कि इस साल कुल 1,050 स्टूडेंट्स को डिग्री मिलेगी, जिसमें 24 पीएचडी रिसर्चर शामिल हैं।

## अंबुजा नेओटिया ने न्यू टाउन अस्पताल में नए आधुनिक बाल स्वास्थ्य केंद्र की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंबुजा नेओटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेओटिया ने गुरुवार को नेओटिया भागीरथी वुमन एंड चाइल्ड केयर सेंटर, न्यू टाउन में अत्याधुनिक बाल बहुविषयक केंद्र का शुभारंभ किया। इस नए केंद्र के साथ अस्पताल की कुल क्षमता बढ़कर 220 बेड हो गई है, जिससे पूर्वी भारत में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। नए केंद्र में स्पेशलाइज्ड पीडियाट्रिक कैथ लैब, पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी ओटी, पीडियाट्रिक डायलिसिस यूनिट और बच्चों के लिए विशेष रूप से अनुकूलित 160-स्लाइस सीटी स्कैनर और 1.5 टेस्ला एमआरआई जैसी तकनीक उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, सर्जरी, यूरोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स जैसी




उन्नत उप-विशेषताएं एक ही छत के नीचे लाई गई हैं। नीकू और पीकू वार्ड को भी आधुनिक सुविधाओं और आयु-उपयुक्त वातावरण के साथ सुसज्जित किया गया है, ताकि नवजात और बच्चों की जटिल चिकित्सा आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

हर्षवर्धन नेओटिया ने कहा, यह केंद्र इस विश्वास को मजबूत करता है कि बच्चों की देखभाल उनके विशिष्ट शारीरिक और भावनात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए। हमारा प्रयास हमेशा विज्ञान और संवेदनशीलता को एक साथ लाने का रहा है। यह नई पहल पूर्वी भारत में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक उन्नत, सुदृढ़ और परिवार-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## डोमजुर में रासायनिक कारखाने में लगी भीषण आग



**हावड़ा :** जिले के डोमजुर इलाके में गुरुवार को एक रासायनिक कारखाने में भीषण आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर तीन दमकल वाहन भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि मोतीझील इलाके में स्थित फैक्ट्री में आग लगने से इलाके में घना काला धुआं फैल गया है जिससे निवासियों में दहशत का माहौल है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने से कोई घायल नहीं हुआ है। हमें संदेह है कि आग कारखाने के बाहर रखे भट्टी में इस्तेमाल होने वाले तेल में लगी होगी।

## पथश्री परियोजना का शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल मोड से किया उद्घाटन

**कोलकाता :** माननीय मुख्यमंत्री ने आज वर्चुअल मोड के माध्यम से महत्वाकांक्षी 'पथश्री-रास्ताश्री 4' परियोजना का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। अन्य जिलों के साथ-साथ दक्षिण 24 परगना जिला भी इस कार्यक्रम से जुड़ा रहा। जिले के मथुरापुर-ख ब्लॉक में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव एवं पथश्री परियोजना के दक्षिण 24 परगना जिला नोडल अधिकारी नारायण स्वरूप निगम, दक्षिण 24 परगना के जिलाशासक अरविंद कुमार मीना, जिला परिषद की सभाधिपति नीलिमा मिस्त्री विशाल, मथुरापुर के सांसद बापी हालदार, मंदिरबाजार




विधानसभा के विधायक जयदेव हा-लदार, तथा रायदीघी विधानसभा के विधायक आलोक जलदाता उप-स्थित थे।

इसके अलावा दक्षिण 24 परगना जिला परिषद के अतिरिक्त जिल-ाशासक सौमेन पाल सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

'पथश्री-रास्ताश्री 4' परियोजना के तहत ग्रामीण सड़कों के विकास, मरम्मत और सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क सुविधा और परिवहन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। वर्चुअल मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांवों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़कर नागरिकों को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और सुगम परिवहन उपलब्ध कराना है।

जिला प्रशासन की ओर से आशा व्यक्त की गई कि यह परियोजना ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और आम लोगों को सीधा लाभ पहुंचाएगी।

### मुख्यमंत्री ने पथश्री परियोजना के तहत पुरुलिया में सड़कों का वर्चुअल उद्घाटन किया

**पुरुलिया :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पथश्री परियोजना के चौथे चरण में राज्य के अलग-अलग जिलों के साथ पुरुलिया जिले में भी सड़कों का वर्चुअल उद्घाटन किया। जिले के 20 ब्लॉक में 502.10 किमी सड़कों का उद्घाटन किया गया, जिसके लिए 23051.78 लाख रुपये दिए गए। जिले का मुख्य कार्यक्रम पुरुलिया के 1 नंबर ब्लॉक के गराफुसा इलाके के श्यामपुर गांव में हुआ। इस मौके पर पुरुलिया के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, जिला पुलिस सुपरिटेंडेंट, जिला परिषद प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट और दूसरे बड़े लोग मौजूद थे। सभी की मौजूदगी में श्यामपुर इलाके में कनाली रोड से श्यामपुर गांव तक बनी सड़क का उद्घाटन किया गया, जिसके लिए 46,71,337 रुपये दिए गए। इसके अलावा, जिले के 20 ब्लॉक में ब्लॉक एडमिनिस्ट्रेशन और लोगों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सड़कों का उद्घाटन किया गया।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### काम के बाद घर लौट रहे बीएलओ रास्ते में गिरे, मौत

**जयपुर :** राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में तैनात बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की बुधवार शाम घर जाते समय गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीएलओ की मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बीए-लओ विजय गुर्जर (42) के रूप में हुई है जो कोटपूतली के सरकारी सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत थे। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम घर लौटते समय वह अचानक सड़क पर गिर गए और उन्हें चोटें आईं। उनके परिवार वाले उन्हें सरकारी जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उपखंड अधिकारी रामावतार मीणा, तहसीलदार रामधन गुर्जर और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिवार को सौंप दिया। कोटपूतली थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

### कंबोडिया, लाओ पीडीआर और म्यांमा से करीब 6,700 भारतीय नागरिकों को मुक्त कराया गया : सरकार

**नयी दिल्ली :** विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार के संज्ञान में है कि कुछ संदिग्ध फर्म भारतीय नागरिकों को ज्यादातर सोशल मीडिया के जरिए प्रलोभन देकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में ले जाकर उनसे साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियां करवाती हैं। उन्होंने कहा कि कंबोडिया, लाओ पीडीआर और म्यांमा से 6,700 से अधिक भारतीय नागरिकों को मुक्त कराया गया है। सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''सरकार के संज्ञान में आया है कि कुछ संदिग्ध फर्म, फर्जी भर्ती नौकरियों के प्रस्तावों में संलिप्त हैं और जो भारतीय नागरिकों को अधिकांशतः सोशल मीडिया के माध्यम से प्रलोभन देकर कंबोडिया, म्यांमार, लाओ पीडीआर सहित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में ले जाकर उनसे इन देशों में संचालित केंद्रों से साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियां करवाती हैं।''

### जयपुर में 'टाइगर फेस्टिवल' शुरू

**जयपुर :** बाघों से जुड़ी प्रदर्शनी 'जयपुर टाइगर फेस्टिवल' बृहस्पतिवार को शुरू हुई जिसका उद्घाटन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किया। इस अवसर पर बागडे ने राजस्थान को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि यहां सर्वाधिक बाघ अभयारण्य ही नहीं है, बल्कि प्रकृति संरक्षण परंपराएं भी जीवंत हैं। उन्होंने बाघों के साथ जल, जंगल और ज़मीन बचाने के लिए भी सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। जवाहर कला केंद्र में इस आयोजन में राज्यपाल ने फोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया तथा वन, वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र में महत्व-पूर्ण कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित किया। बयान के अनुसार बागडे ने कहा कि बाघों के होने से ही पारिस्थितिकी संतुलन बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मनुष्य आबादी के साथ ही बाघों के प्राकृतिक आवास तेजी से संकुचित हो रहे हैं। उन्होंने बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता का प्रसार किए जाने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री योगी ने आजमगढ़ में एसआईआर के लिए जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया

**आजमगढ़ (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अभियान के प्रति जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया तथा अधिकारियों की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की। आजमगढ़ के दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने मंडल के तीनों जिले-- आजमगढ़, मऊ और बलिया के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। योगी ने बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि भाजपा और सहयोगी दलों के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जाकर मतदाताओं से सीधा संपर्क करें और जिनका नाम दर्ज नहीं है, उन्हें सूची में शामिल




कराया जाए। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए और अपात्र का नाम सूची में दर्ज न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होना एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में शामिल हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने बताया कि बैठक का मुख्य विषय एसआईआर रहा।

### जरूरतमंदों के आवास, बीमारों के उपचार की करेंगे व्यवस्था : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार जरूरतमंदों के आवास और बीमारों के लिए उपचार की व्यवस्था करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बृहस्पतिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आई तो ग़रीब महिलाओं को साल में 40 हज़ार रुपये देंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि अगर 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की सरकार बनेगी तो वह हर वर्ष भर में गरीब महिलाओं को साल में 40 हज़ार रुपये की सहायता देंगे। समाजवादी पार्टी के आधिकारिक 'एक्स' खाते पर यादव के हवाले से कहा गया, '' राज्य में सपा की सरकार आई तो हम ग़रीब महिलाओं को साल में 40 हज़ार रुपये देंगे।'' यादव ने एक समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली सपा सरकार ने महिलाओं के लिए समाजवादी पेंशन योजना शुरू की और इसके तहत हर माह 500 रुपये दिये गये थे। उन्होंने



कहा, 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद अगर हमारी सरकार बनती है तो गरीब माताओं और बहनों को सालाना 40,000 रुपये दिए जाएंगे। इस योजना की व्यावहारिकता पर यादव ने कहा कि ज़रूरी फंड बड़े उद्योगपतियों से बकाया वसूल करके जुटाये जाएंगे। सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर मौलानाओं से मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विराट वैश्विक भावना मिलने-जुलने और मेल-मिलाप से ही फलीभूत होती है।'' इसी पोस्ट में सपा प्रमुख ने कहा, ''दुनियाभर में आपसी एतबार से भाईचारा और भाईचारे से अमन-चैन आता है, जिससे हर किसी के लिए खुशहाली लाने वाली तरक्की मुमकिन होती है।''

# ईवीएम पर भरोसा नहीं है,तो लोकसभा से इस्तीफा देकर मतपत्र से चुनाव लड़ लें राहुल एवं अखिलेश : मौर्य

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो वे लोकसभा से इस्तीफा देकर मतपत्र से चुनाव लड़ने की अपील कर सकते हैं। मौर्य ने कांग्रेस और सपा द्वारा ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर लगातार की जाने वाली बयानबाजी पर एक्स पर पोस्ट किया, यदि कांग्रेस, सपा एंड कंपनी को ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो उनके प्रमुख नेता मसलन राहुल गांधी, अखिलेश यादव और उनके परिवार के सदस्य लोकसभा से इस्तीफ़ा देकर निर्वाचन आयोग से अपील कर सकते हैं कि उनका



पुनर्निर्वाचन उत्तर प्रदेश में मतपत्र से करा दिया जाए। मौर्य ने कहा, इस कदम से जनता के सामने उनकी असली राजनीतिक हैसियत का पता बिहार के तेजस्वी यादव की तरह चल जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने लिखा, अवैध घुसपैठियों को देश से भगाने की बात सुनते ही तुष्टिकरण के लेप में लिपटे कांग्रेसी संसद का मैदान छोड़कर भाग खड़े होते हैं।

# सिर्फ तकनीकी नवाचारों को ही नहीं, सामाजिक नवप्रवर्तकों को भी सम्मान मिले : सुधा मूर्ति

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में नाम निर्देशित सदस्य सुधा मूर्ति ने बृहस्पतिवार को सामाजिक नवप्रवर्तकों को भी पहचान और सम्मान देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि तकनीकी उपलब्धियों को जहां व्यापक सराहना मिलती है, वहीं रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान देने वाले नवाचारों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए सुधा मूर्ति ने कहा कि इडली ग्राइंडर जैसे नवाचारों ने लोगों, विशेषकर महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन किया है, लेकिन ऐसे आविष्कारकों को भुला दिया गया है। उन्होंने कहा, तकनीकी नवाचार करने पर आपकी उपलब्धियों का सम्मान होता है, पुरस्कार मिलते हैं, लोग तालियां बजाते हैं, लेकिन



अन्य उपलब्धियों के लिए लोग ध्यान भी नहीं देते। मूर्ति ने वैश्विक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए जा-पानी आविष्कारक का जिक्र किया, जिसने क्यूआर कोड बनाया और उसका पेटेंट नहीं कराया, ताकि दुनिया भर में इसका मुक्त उपयोग हो सके। सदस्य ने कहा, उन्होंने इसे मुफ्त रखने की बात कही। आज हमारी और वैश्विक अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी तरह चल रही है। लेकिन जापानी आविष्कारक ने यह काम 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' की भावना से किया।

# राजस्थान के विकास में बड़े साझेदार हैं प्रवासी राजस्थानी : भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, चिकित्सा समेत अनेक क्षेत्रों में राजस्थान के तेजी से आगे बढ़ने का दावा करते हुए कहा कि राज्य की भौगोलिक विविधता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत इस विकास यात्रा को और मजबूती देती है। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की इस प्रगति में बड़े साझेदार बने हैं। शर्मा प्रवासी राजस्थानियों के सूरत, लंदन, दुबई, सिंगापुर, कंपाला, टोक्यो, दोहा, म्यूनिख, न्यूयॉर्क, भुवनेश्वर, नैरोबी, कोलकाता एवं दिल्ली 'चैप्टर' के सदस्यों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से राजस्थान को देशभर में अग्रणी राज्य बनाकर विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा किया



जा सकेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनके द्वारा राज्य में किए जाने वाले निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों की राज्य में निवेश के लिए हर संभव मदद की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा,'' हमारी प्राथमिकता है कि प्रवासी राजस्थानियों का अपनी मिट्टी से जुड़ाव बना रहे, इसके लिए हमारी सरकार ने प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस पर ऐतिहासिक आयोजन किया। प्रवासियों के कल्याण तथा उनके हितों के लिए 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामलात विभाग' का गठन किया गया है। साथ ही, प्रवासी राजस्थानी नीति भी लॉन्च की गई है।''

## न्यूज अपडेट

### नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से घुसने वाले एक चीनी नागरिक को एक साल की कैद

**महाराजगंज (उप्र) :** महाराजगंज की एक अदालत ने नेपाल से अवैध रूप से भारत में घुसने के मामले में एक चीनी नागरिक को बृहस्पतिवार को एक साल की जेल की सज़ा सुनाई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश यादव की अदालत ने चीनी नागरिक पेंग मिन्हुई को एक साल की साधारण कैद की सज़ा सुनाई तथा 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। पेंग चीन के हुनान प्रांत के डोंगटाओ शहर लोंगशान नेशन का रहने वाला है। यह मामला 14 जनवरी, 2025 का है, जब नेपाल से सटे सोनौली में पुलिस ने नेपाल की तरफ से भारत में घुसते हुए एक संदिग्ध विदेशी नागरिक को देखा। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान पेंग मिन्हुई के रूप में बताई और कहा कि वह नेपाल घूमने आया था एवं वहां से बिना वैध वीजा के भारत में घुस गया। पुलिस ने विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया । सुनवाई के दौरान, अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। सरकारी वकील प्रविंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि जुर्माना न देने पर दोषी को तीन महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

### सीआरपीएफ के जवान का पदोन्नति के कुछ घंटे बाद निधन

**जयपुर :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान का मणिपुर में पदोन्नति के कुछ ही घंटे बाद ही निधन हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार के अनुसार राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के गांडाला गांव के कर्मवीर यादव (39) सीआर-पीएफ की 189वीं बटालियन में तैनात थे। वह 2007 में बतौर चालक सीआरपीएफ में शामिल हुए थे और रंगोली (इंफाल) में तैनात थे। अधिकारियों का कहना है कि नौ दिसंबर को उन्हें आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत किया गया था। सीआरपीएफ के निरीक्षक सुरेश कुमार के अनुसार यादव मंगलवार रात ड्यूटी से लौटे, खाना खाया और आराम करने चले गए। बाद में एक साथी ने उन्हें आवाज दी और जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने उनके कमरे में जाकर देखा। सुरेश कुमार के मुताबिक यादव बेहोश मिले और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीआरपीएफ कर्मियों ने बताया कि उनकी पार्थिव शरीर दिल्ली से उनके गांव गांडाला ले जाया जायेगा। यादव का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह पूरे सैनिक सम्मान से किया जाएगा।

### झारखंड के 27 बच्चों की तस्करी कर, नेपाल भेजा गया, जांच जारी

**चाईबासा (झारखंड) :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने 27 बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर जीवन देने के बहाने तस्करी कर नेपाल ले जाने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्हें(बच्चों) दूसरे धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया था। उन्होंने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब हाल ही में 27 बच्चों में से दो बच्चे तस्करों के चंगुल से भागने में कामयाब रहे और फिर घर लौटने पर उन्होंने अपने माता-पिता को अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जांच के तहत एक टीम को उन दोनो बच्चों के गांव में भेजा गया था जहां यह पता चला कि उस गांव के 11 अन्य बच्चों को बहला-फुसलाकर नेपाल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी (एसपी) ने बताया कि तस्करी का शिकार हुए बच्चों में से चार और बच्चे बुधवार को वापस लौट आए।

### बिहार : अवैध बालू खनन पर नकेल कसने के लिए विशेष कार्य बल गठित

**पटना :** बिहार में बालू के अवैध खनन, बालू माफिया और भू-माफियाओं से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने एक विशेष कार्य बल (टास्क फोर्स) का गठन किया है। ईओयू की ओर से इस संबंध में एक विशेष निर्देश जारी किया गया है। ईओयू के सूत्रों के अनुसार कार्य बल का नेतृत्व ईओयू के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) डॉ. मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे। उनकी सहायता के लिए ईओयू के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के चार अधिकारी और पुलिस निरीक्षक स्तर के पांच पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। ईओयू के निर्देश के अनुसार यह दल बालू व भू-माफियाओं के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने के साथ विशेषज्ञ एजेंसियों, राज्य सरकार के संबंधित विभागों और विभिन्न जिलों के प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि विशेष कार्य बल का गठन इस उद्देश्य से किया गया है कि अवैध खनन से संबंधित मामलों में न केवल आपराधिक कार्रवाई हो, बल्कि अपराध से अर्जित परिसंपत्तियों की पहचान कर वित्तीय जांच भी प्रभावी तरीके से की जा सके। हाल ही में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उच्च स्तरीय बैठक में अवैध बालू खनन और भू-माफियाओं के विरुद्ध निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए राज्य पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई को विस्तृत निर्देश दिए थे।

# पटना में 2025 में अभी तक एचआईवी के 1,200 नए मामले दर्ज

**पटना :** पटना जिले में इस वर्ष एचआईवी-पॉजिटिव के 1,000 से अधिक नए मामले दर्ज किए गए । यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। बिहार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अतिरिक्त परियोजना निर्देशक (एपीडी) एन. के. गुप्ता ने पत्रकारों से कहा, अब तक पटना में 1,200 एचआईवी-पॉजिटिव मामलों की पहचान हुई है। पूर्वी चंपारण में 400 से अधिक और पश्चिमी चंपारण में 340 मामले सामने आए हैं। इन नए मामलों के साथ पटना जिले में एचआईवी-पॉजिटिव रोगियों की कुल संख्या 7,923 हो गई है। 'पीटीआई-भाषा' द्वारा संपर्क किये जाने पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया । उन्होंने बस इतना कहा कि इस विषय पर बोलने के लिए बिहार एड्स नियंत्रण



सोसाइटी अधिकृत है। 'पीटीआई-भाषा' को मिले आंकड़ों के अनुसार, पटना में एआरटी (एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी) पर जीवित कुल 7,923 मरीजों में से 4,705 लोग पीएमसीएच में, 3,091 आरएमआरआई में और 127 लोग नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन हैं। पूर्वी चंपारण में 6,827 मरीजों का एआरटी उपचार चल रहा है। मधुबनी, गया, मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी में क्रमशः 5,685, 5,529, 5,289 और 4,958 एचआईवी-पॉजिटिव मामले हैं। बिहार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अधिकारियों ने कहा कि आईसीटीसी (इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर) पर जांच के दौरान एचआईवी-पॉजिटिव पाये गये शत-प्रतिशत मरीज एआरटी केंद्रों पर भेजे जाते हैं। एक दिसंबर के आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया है, राज्य के विभिन्न जिलों में 32 एआरटी केंद्रों के माध्यम से बिहार सरकार 97,046 एचआईवी संक्रमित लोगों को नियमित रूप से मुफ्त एआरवी दवाएं उपलब्ध करा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि एचआईवी संक्रमण फैलने के चार प्रमुख कारण हैं-- असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, संक्रमित रक्त का आधान और माता से शिशु में संक्रमण।

# कांग्रेस तो बीस साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई : सुधांशु त्रिवेदी

**नयी दिल्ली :** मुख्य विपक्षी दल पर लोकतंत्र को अब तक नहीं समझ पाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने वाली कांग्रेस तो बीस साल में भी इसके लिए तैयार नहीं हुई। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया आजादी के बाद शुरु हुई और कई तरह की समस्याएं आईं लेकिन समय के साथ चीजें बदलती गईं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के समय और फिर संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने अपनी जरूरत के अनुसार नियमों में बार-



बार बदलाव किए। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय लाभ के पद के मुद्दे पर नियम बदले गए थे। त्रिवेदी ने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वालों को पहले यह देखना चाहिए कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए कब-कब क्या-क्या किया था? उन्होंने दावा किया कि चुनावी बॉण्ड के रूप में राजग सरकार ने चुनावी चंदे को लेकर पारदर्शी व्यवस्था बनाई। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों को बहुमत तब मिलता था जब मतपत्रों की पेटियां लूटी जाती थीं, बूथ 'कैप्चरिंग' होती थी और गोलियां चलती थीं। उन्होंने कहा ''आज सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती है, ईवीएम का उपयोग होता है।'' त्रिवेदी ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस आज आपत्ति उठा रही है लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने 18 दिसंबर 1950 को यह पुनरीक्षण हर छह महीने में करने की जरूरत रेखांकित की थी लेकिन व्यवहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा था कि एक साल में यह होना चाहिए। ''कांग्रेस तो बीस साल में भी मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण नहीं करना चाहती।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकतंत्र को अब तक समझ नहीं पाई है।

### एम्बुलेंस नहीं आने पर महिला ने ई-रिक्शा में बच्चे को जन्म दिया, जांच के आदेश दिए गए

**हरदोई (उप्र) :** हरदोई जिले में बृहस्पतिवार को एक महिला ने कथित तौर पर समय पर एम्बुलेंस नहीं आने के कारण ई-रिक्शा में बच्चे को जन्म दिया और बाद में उसके पति को अस्पताल में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि कोई स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोतवाली देहात इलाके में मोहलिया शिवपारा की हेमलता को सुबह प्रसव पीड़ा शुरू हुई जिसके बाद उसके पति सर्वेश कुमार ने करीब 10 बजे एम्बुलेंस सेवा को फोन किया। कुमार ने आरोप लगाया कि बार-बार कोशिश करने के बावजूद कोई एम्बुलेंस उसके घर नहीं पहुंची। उसने कहा कि हालत बिगड़ने पर उसने हेमलता को ई-रिक्शा में महिला अस्पताल ले जाने का फैसला किया।

# नीतीश कुमार ने केसरिया में पर्यटक सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया में निर्माणाधीन पर्यटक सुविधा केंद्र की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित अवधि के भीतर निर्माणकार्य



पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने केसरिया स्थित बौद्ध स्तूप परिसर का भी निरीक्षण किया तथा पर्यटकों के लिए विकसित की जा रही बुनियादी सुविधाओं के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केसरिया स्तूप विश्वभर के बौद्ध उपासकों और शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटकों को उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को इस पर्यटन स्थल पर पार्किंग, पेयजल, सूचना केंद्र, शौचालय, विश्राम गृह एवं अन्य सुविधाओं के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएमओ के अनुसार कुमार ने केसरिया दौरे के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से भी मुलाकात की तथा क्षेत्र में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। सीएमओ के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाए और सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। राज्य सरकार के अनुसार, केसरिया स्तूप परिसर में विकसित की जा रही सुविधाओं से आने वाले समय में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# बिहार : बेगूसराय में दोहरे हत्याकांड को लेकर राजद ने सरकार पर साधा निशाना

**पटना :** बिहार के बेगूसराय जिले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता निलेश कुमार की हत्या और रंगदारी नहीं देने पर एक कपड़ा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या को लेकर विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल खड़े किए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में हत्या की घटनाएं नयी नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले की राजग सरकार में भी हालात ऐसे ही थे। यादव ने कहा कि राज्य में अपराध की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। सत्ता परिवर्तन के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज होगी, लेकिन स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि नयी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद हत्या की घटनाओं का सिलसिला इस कदर बढ़ा कि संख्या हाफ सेंचुरी पार कर गया है। पहले जदयू नेता की हत्या और अब व्यवसायी की हत्या-ये सभी घटनाएं साबित करती हैं कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। राजद नेता ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शासन की बागडोर जिनके हाथ में है, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि डिस्क्रिमिनेशन ऑफ एक्शन-अर्थात कार्रवाई में भेदभाव से न केवल सत्ता की साख कमजोर पड़ती है, बल्कि प्रशासन की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। उनके अनुसार, ठोस कार्रवाई ही अपराध पर रोक लगा सकती है, लेकिन सरकार इस दिशा में विफल साबित हो रही है।

# आईएएस बनकर घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**गोरखपुर (उप्र) :** पिछले छह महीनों से फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर घूम रहे एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश पुलिस ने यहां गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपी की पहचान बिहार के सीतामढ़ी के ललित किशोर के रूप में हुई है जो खुद को आईएएस अधिकारी गौरव कुमार बताता था। पुलिस के अनुसार ललित को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने कथित तौर पर फर्जी निरीक्षण, ठेके और नौकरियों का वादा करके बड़े पैमाने पर उगाही का रैकेट चला रखा था। उसके साले अभिषेक कुमार और सहयोगी परमानंद गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक यह धोखाधड़ी तब सामने आई जब पुलिस को एक गुमनाम शिकायत



मिली, जिसके बाद जांच शुरू हुई। जांच में पता चला कि ललित चिलुआताल में एक किराए के घर में रहता है और झुंगिया बाजार में उसने एक कार्यालय खोल रखा है। पुलिस ने बताया कि असली दिखने के लिए, वह लाल बत्ती लगी गाड़ियों में घूमता था, जाली सरकारी नेमप्लेट लगाता था और यहां तक कि 30,000 रुपये प्रति माह के हिसाब से 10 बंदूकधारी और 60,000 रुपये में एक स्टेनोग्राफर भी रखा हुआ था। पुलिस ने नकदी, जाली पहचान पत्र, लैपटॉप, गहने और कई एआई-जेनरेटेड तस्वीरें बरामद कीं, जिनमें ललित ने पीड़ितों को लुभाने के लिए असली अधिकारियों के चेहरों की जगह अपना चेहरा लगा दिया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोवा नाइट क्लब में आग: अदालत ने सह-मालिक अजय गुप्ता को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**पणजी :** गोवा की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। छह दिसंबर को इस नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। गुप्ता को पूछताछ के लिए बुधवार रात दिल्ली से गोवा ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया था। एक अधिकारी ने बताया था कि उन्हें विस्तृत जांच के लिए अंजुना पुलिस थाने ले जाया गया। इससे पहले गुप्ता के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया गया था। गोवा पुलिस ने नाइट क्लब में आग लगने के मामले में पांच प्रबंधकों और कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजग सांसदों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के सांसदों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की। सांसद अलग-अलग समूहों में बसों में सवार होकर मोदी के आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पहुंचे। यह रात्रिभोज हाल ही में बिहार चुनावों में राजग की शानदार जीत के बाद दिया गया है, जिसमें गठबंधन ने 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 202 सीटें हासिल कीं। गठबंधन के साझेदारों में, भाजपा ने 89 सीटें, जद (यू) ने 85, लोजपा (रामविलास) ने 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटें जीतीं। सोमवार को, बिहार के राजग नेताओं ने राज्य में गठबंधन की इस बड़ी जीत के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी। मोदी ने उनसे जनता के कल्याण के लिए और अधिक जोश के साथ काम करने को कहा।

### मणिपुर में हिंसा के कारण जनता के दर्द से अवगत, सरकार सद्भाव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : मुर्मू

**इंफाल :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह जातीय हिंसा के कारण मणिपुर के लोगों के दर्द से अवगत हैं और आश्वासन दिया कि सरकार सद्भाव को मजबूत करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य को दृढ़ता और साहस की धरती बताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मणिपुर के लोगों ने खेल, रक्षा, कला-संस्कृति और लोकसेवा जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र को समृद्ध बनाया है। यह राष्ट्रपति मुर्मू का भारत की राष्ट्रपति बनने के बाद राज्य का पहला दौरा है। एक नागरिक अभिनंदन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मुझे उस पीड़ा का आभास है, जिससे मणिपुर के लोग दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा के बाद गुजरे हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहती हूं कि आपकी चिंताओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### मुंबई हवाईअड्डे पर 45 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, सोना और हीरे जब्त; 12 यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई सीमा शुल्क ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई कार्रवाई में हाइड्रोपोनिक गांजा, सोना और हीरे सहित कुल 45 करोड़ रुपये मूल्य का माल जब्त किया है और 12 यात्रियों को गिरफ्तार किया है, अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन से दस दिसंबर के बीच की गई कार्रवाई में विशेष सूचना के आधार पर नौ यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 37.26 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कुछ प्रतिबंधित पदार्थ ट्रॉली बैग में छिपाया गया था, जिन पर किसी अन्य उड़ान के बैगेज टैग लगे थे, जबकि अन्य मादक पदार्थ इमली के गूदे जैसे दिखने वाले ढेलों में छिपाए गए थे। सभी आरोपी यात्री बैंकॉक से विभिन्न उड़ानों से पहुंचे थे और उन्हें स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# गुवाहाटी में लगी भीषण आग 38 घंटे से अधिक वक्त बाद भी बेकाबू, कई एजेंसियां बचाव कार्य में जुटीं

**गुवाहाटी :** असम के गुवाहाटी में एक व्यावसायिक परिसर में लगी भीषण आग पर 38 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है जबकि वायु सेना, सेना और गुवाहाटी रिफाइनरी के जल टैंकरों भी भीषण आग को बुझाने के प्रयासों में सहयोग दे रहे हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना के बाद से 25 से अधिक दमकल गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गई हैं और मोरीगांव, कामरूप और नलबाड़ी जिलों से अतिरिक्त इकाइयां भी पहुंच गई हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को भी धुआं कम करने वाले अत्याधुनिक उपकरणों के साथ अभियान में सहायता के लिए बुलाया गया है। एबीसी प्वाइंट



स्थित 'स्वागत स्कायर कॉम्प्लेक्स' में मंगलवार देर रात लगभग साढ़े 12 बजे आग लगी। इस बहुमंजिला इमारत में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का जोनल कार्यालय, वाणिज्यिक शाखा, प्रीमियम बैंकिंग शाखा और 'सोहम एम्पोरिया' नामक एक शॉपिंग मॉल स्थित है। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा (एफ एंड ईएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया छठी मंजिल पर आग लगी है। हम इसे बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि शॉपिंग मॉल के गोदाम में लगी आग दूसरी मंजिल से भी उठ रही है और वहां से धुआं निकल रहा है। एक अन्य अधिकारी ने बताया, '' इमारत के पिछले हिस्से में आग लगी है। हालांकि, निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण दमकल गाड़ियां पीछे तक नहीं पहुंच पा रही हैं।'' उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों ने इतने बड़े व्यावसायिक परिसर की अनुमति देते समय आवश्यक सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया।

### जासूसी के आरोप में जम्मू-कश्मीर के दो लोग अरुणाचल प्रदेश में गिरफ्तार

**इटानगर :** जम्मू-कश्मीर के दो लोगों को जासूसी के आरोप में अरुणाचल प्रदेश में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान नजीर अहमद मलिक और साबिर अहमद मीर के रूप में की गई है। दोनों जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के मूल निवासी हैं। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर नजीर को 22 नवंबर को ईटानगर के चिम्पू पुलिस थाना क्षेत्र के गंगा गांव में एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान, नजीर ने सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती विवरण और सैन्य प्रतिष्ठानों की जानकारी टेलीग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी आकाओं को साझा करने की बात स्वीकार की।

## प्रधानमंत्री मोदी और शीर्ष नेताओं ने महाकवि भारती की 143वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**चेन्नई :** क्रांतिकारी तमिल कवि 'महाकवि सुब्रमण्यम भारती की 143वीं जयंती पर बृहस्पतिवार को विभिन्न नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पीढ़ियों पर उनके अमिट प्रभाव को याद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिष्ठित कवि और स्वतंत्रता सेनानी भारती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारती की कविताओं ने साहस जगाया और उनके विचारों में अनगिनत लोगों के मन पर अमिट छाप छोड़ने की शक्ति थी। उन्होंने लिखा, ''भारती ने भारत की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना को प्रज्वलित किया। उन्होंने एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रयास किया। तमिल साहित्य को समृद्ध बनाने में उनका योगदान भी अतुलनीय है।'' केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारती को आधुनिक तमिल साहित्य का जनक बताया। शाह ने लिखा, औपनिवेशिक सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों का सामना करते हुए महाकवि ने क्रांति की लौ जलाये रखा और अपनी जोशीली देशभक्तिपूर्ण कविताओं से स्वतंत्रता आंदोलन को बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि भारती ने सामाजिक सुधारों के माध्यम से एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज के निर्माण के भारत के सभ्यतागत लक्ष्य को आगे बढ़ाया। भारती का जन्म 11 दिसंबर 1882 को तूतीकोरिन के एट्टायापुरम में हुआ था।

## किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं, और इस बात पर जोर दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए अधिकारों की हमेशा रक्षा की जानी चाहिए, लेकिन ऐसे मामलों में जहां देश की सुरक्षा या अखंडता का सवाल उठता है, वह जमानत देने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने ये टिप्पणियां केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले में 2010 में ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के मामले में कुछ आरोपियों को मिली जमानत के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई करते हुए कीं। मुंबई जा रही ट्रेन झारग्राम के पास पटरी से उतर गई थी और फिर सामने से आ रही एक मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे 148 यात्रियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया था कि 28 मई, 2010 को हुई यह दुर्घटना माओवादियों की साजिश का परिणाम थी। यह घटना भाकपा (माओवादी) द्वारा बुलाए गए चार दिवसीय बंद के दौरान हुई थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस स्तर पर आरोपियों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करना, विशेषकर तब जब उनके खिलाफ कोई अन्य सबूत न हो, उचित नहीं होगा।

## हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है: पवन कल्याण

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने आरोप लगाया कि ''हर कोई हिंदुओं को निशाना बना रहा है और हर मौके पर उनकी परंपराओं पर सवाल उठा रहा है''। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह हर हिंदू का कर्तव्य है कि वह हिंदू रीति-रिवाजों को निशाना बनाए जाने पर विरोध प्रदर्शित करे। उपमुख्यमंत्री ने पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के तिरुप्प-रनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के एक न्यायाधीश द्वारा 'हिंदू समुदाय के अधिकारों की रक्षा' करने वाला फैसला सुनाए जाने के बाद 100 से अधिक सांसदों ने संसद में न्यायाधीश को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। उन्होंने हालांकि कहा कि जब उच्चतम



न्यायालय ने शबरिमला मंदिर मामले में फैसला सुनाया तो हिंदुओं ने कानूनी लड़ाई लड़ी, लेकिन न्यायाधीशों को पद से हटाने का अनुरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी धर्मों को समान अधिकार दिए हैं और 'न्याय सबके लिए एक समान है'। कल्याण ने कहा कि इस्लाम और ईसाई धर्म के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए नियम हिंदू धर्म पर भी लागू होंगे। तमिलनाडु की कुछ राजनीतिक पार्टियों पर 'छद्म धर्मनिरपेक्षता' का पालन करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर मंदिरों के मामलों में 'हस्तक्षेप' करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि हर कोई हिंदुओं को निशाना बना रहा है और हर संभव अवसर पर उनकी परंपराओं पर सवाल उठा रहा है।

## एक युवक के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर विचार करने को न्यायालय ने एम्स को बोर्ड बनाने को कहा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को एम्स को 13 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति वाले 31-वर्षीय एक व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति की जांच करने और इस पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए द्वितीयक बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया कि क्या निष्क्रिय इच्छामृत्यु के तहत जीवन रक्षक उपचार को रोका जा सकता है। निष्क्रिय इच्छामृत्यु में मौत प्रत्यक्ष रूप से नहीं दी जाती, बल्कि जीवन रक्षक उपकरण या जीवित रखने के लिए आवश्यक उपचार रोकने से मृत्यु स्वाभाविक रूप से होती है। नोएडा के एक अस्पताल के प्राथमिक बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर गौर करने के बाद, न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, ''यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। युवक की हालत बेहद दयनीय लग रही है।'' पीठ ने यह भी कहा कि चिकित्सकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हरीश राणा के ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा, ''हमें अब कुछ करना होगा। हम उसे इस तरह की स्थिति में जीवित रखने की अनुमति नहीं दे सकते।'' मरीज के पिता की ओर से पेश हुईं अधिवक्ता रश्मी नंदकुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के 2018 के फैसले के अनुसार, अगला कदम मामले को सीएमओ द्वारा गठित द्वितीयक बोर्ड को भेजना है।

## एनएफआर के छह रेलवे स्टेशनों को एफएसएसएआई का 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अलीपुरद्वार मंडल के छह रेलवे स्टेशनों को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का प्रतिष्ठित 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन 04 दिसंबर 2025 से 03 दिसंबर 2027 तक लागू रहेगा। 'ईट राइट इंडिया' पहल के तहत निर्धारित कठोर मानकों को पूरा करने के बाद यह सम्मान प्रदान किया गया। मूल्यांकन में खाद्य पदार्थों के सुरक्षित हैंडलिंग, स्टेशन परिसर की सफाई, कचरा प्रबंधन प्रणाली और समग्र स्वच्छता जैसे मानक शामिल थे। जलपाईगुड़ी जिले के जलपाईगुड़ी रोड, बिन्नागुड़ी और धूपगुड़ी, अलीपुरद्वार जिले के फालाकाटा तथा कूचबिहार जिले के दिनहाटा और न्यू कूचबिहार स्टेशन को यह प्रमाणन मिला है। इन स्टेशनों ने कैटरिंग सेवाओं में सुधार, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, निगरानी तंत्र और कर्मियों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। इससे यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध होगा, जिससे भोजन जनित बीमारियों का खतरा कम होगा। साथ ही, स्थानीय वेंडरों को भी बेहतर स्वच्छता मानकों को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। एनएफआर लगातार यात्री सुविधाओं को उन्नत करने और बेहतर सेवा प्रदान करने के प्रयास में जुटा है। 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन इसकी खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और जन स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

## सोनोवाल ने भारत के पहले स्वदेशी हाइड्रोजन 'फ्यूल सेल' पोत के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत की

**वाराणसी (उप्र) :** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को वाराणसी में भारत के पहले स्वदेशी हाइड्रोजन 'फ्यूल सेल' पोत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वच्छ एवं टिकाऊ अंतर्देशीय जल परिवहन की दिशा में देश के प्रयासों में एक मील का पत्थर है। यहां नमो घाट पर आयोजित एक समारोह में सोनोवाल ने पोत के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत की। समारोह को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा, ''यह केवल तकनीकी प्रगति ही नहीं बल्कि यह दर्शाता है कि हम हरित ऊर्जा और स्वदेशी समाधान की दिशा में पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मैं विशेष



रूप से उल्लेख करना चाहूंगा कि हाइड्रोजन ईंधन आज की एक नयी और उभरती हुई तकनीक है जो स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा का बड़ा विकल्प बनकर सामने आ रही है।'' उन्होंने कहा कि इस तकनीक से जहाजों से गैस का निकलना न के बराबर है, जिससे यह पर्यावरण के लिए एक सुरक्षित समाधान बन सकता है। हालांकि, इस दिशा में अभी और अनुसंधान व परीक्षण जारी है ताकि इसे पूरी तरह व्यावसायिक रूप से अपनाया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह राष्ट्रीय गौरव की बात है कि भारत अब चीन, नॉर्वे, नीदरलैंड और जापान जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया है जो हाइड्रोजन से चलने वाले पोत का संचालन करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह साबित करता है कि हमारी तकनीकी क्षमताएं भविष्य के लिए तैयार हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। जिस गति और दृष्टिकोण के साथ हर क्षेत्र को आगे बढ़ाया गया है, उसने यह सुनिश्चित किया है कि अब अंतर्देशीय जलमार्ग भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।''

## तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम से 2027 से रॉकेट प्रक्षेपित किए जाएंगे : इसरो प्रमुख

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम से 2027 से रॉकेटों का प्रक्षेपण किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत का दूसरा अंतरिक्ष केंद्र तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में निर्माणाधीन है, जिसका उपयोग लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के प्रक्षेपण के लिए किया जाएगा। नारायणन ने यहां आईएनएस कट्टाबोम्मन बेस पर पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में इस परियोजना की शुरुआत की थी। इससे संबंधित सभी कार्य बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं। 2027 की शुरुआत में वहां से रॉकेट प्रक्षेपित किए जाएंगे। सूत्रों



ने बताया कि नारायणन, जो अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष भी हैं, ने भारतीय नौसेना के महत्वपूर्ण 'वेरी लो फ्रीक्वेंसी' (वीएलएफ) और 'एक्सट्रीमली लो फ्रीक्वेंसी' (ईएलएफ) संचार बेस के अधिकारियों के साथ बंद कमरे में एक बैठक की। नारायणन ने गगनयान मिशन के बारे में कहा कि उसकी प्रगति बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा, रॉकेट की डिजाइन, विकास और अन्य प्रारंभिक कार्य बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं।

### भागवत चार दिवसीय यात्रा पर अंडमान पहुंचे

**श्री विजयपुरम :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बृहस्पतिवार को चार दिवसीय दौरे पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहुंचे। भागवत यहां वीडी सावरकर के सम्मान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भागवत की 'सरसंघचालक' के रूप में द्वीपसमूह की यह पहली यात्रा है। लगभग दो दशक पहले, उन्होंने संगठन के 'सरकार्यवाह' या महासचिव के रूप में द्वीपों का दौरा किया था। भागवत ने यहां पहुंचने के बाद श्री विजयपुरम के डॉलीगंज स्थित आरएसएस कार्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस यात्रा के दौरान, भागवत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सावरकर की कविता 'सागर प्राण तलमालाला' की 116वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस समारोह में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में आशीष शेलार, संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर, अभिनेता रणदीप हुड्डा और इतिहासकार विक्रम संपत शामिल हैं।

### दिल्ली: हेमा मालिनी ने प्रार्थना सभा आयोजित की, शुभचिंतकों ने धर्मेंद्र को याद किया

**नयी दिल्ली :** दोस्तों, राजनीतिक नेताओं और शुभचिंतकों ने बृहस्पतिवार को अभिनेता धर्मेंद्र को भावभीनी यहां आयोजित एक प्रार्थना सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया। धर्मेंद्र की पत्नी और उत्तर प्रदेश के मथुरा से पार्टी सांसद हेमा मालिनी द्वारा आयोजित प्रार्थना सभा में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई मंत्री और सांसद शामिल हुए। अपनी बेटियों ईशा और अहाना के साथ मौजूद हेमा मालिनी ने कहा, पूरी दुनिया धर्मेंद्र के निधन पर शोक मना रही है, लेकिन मेरे लिए, यह एक अपूरणीय क्षति है। शाह ने कहा कि अभिनेता धर्मेंद्र ने अपनी अभिनय क्षमता और कला के दम पर भाषा और क्षेत्र की सीमाओं को पार कर सभी के दिलों में अपनी जगह बनाई। धर्मेंद्र ने 2004 में भाजपा के टिकट पर बीकानेर से लोकसभा सीट जीतकर कुछ समय के लिए राजनीति में कदम रखा था। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा, धर्मेंद्र जी भाजपा का गौरव हैं, वह देश के लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## पाकिस्तानी दंपति का विवाद भारत की अदालत पहुंचा, पत्नी की गुहार:'पति को वापस पाकिस्तान भेजा जाए'

**इंदौर :** पाकिस्तान में 2020 में विवाह के बाद लम्बे वक्त से अलग-अलग देशों में रह रहे एक हिंदू दंपति का पारिवारिक विवाद सुलह-समझौते की कोशिशें नाकाम होने के चलते मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय पहुंच गया है। पाकिस्तानी महिला निकिता देवी (28) ने उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में रिट याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता-- कराची की निकिता ने अपने पति विक्रम कुमार नागदेव (35) पर बिना तलाक दूसरी शादी की तैयारी का आरोप लगाते हुए अदालत से उसे भारत से वापस पाकिस्तान भेजने की गुहार लगायी है। अधिकारियों के मुताबिक पति-पत्नी पाकिस्तान के नागरिक हैं और उनकी शादी 26 जनवरी 2020 को इस मुल्क के सिंध प्रांत में हुई थी। फिलहाल महिला का पति लंबी अवधि के वीजा (एलटीवी) के आधार पर इंदौर में रह रहा है। याचिकाकर्ता के वकील दिनेश रावत ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पाकिस्तान में अपने मायके में रह रही निकिता ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर की है जिस पर अगले हफ्ते सुनवाई हो सकती है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के मामलों में अलग-अलग रिट (औपचारिक आदेश) जारी करने की शक्ति देता है।

## तटरक्षक बल ने पाकिस्तानी नौका को जब्त किया, चालक दल के 11 सदस्य गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नौका को जब्त कर उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को विस्तृत जांच के लिए गुजरात की जखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है। गुजरात रक्षा जनसंपर्क अधिकारी विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में मछली



पकड़ने वाली पाकिस्तानी नाव को जब्त किया और चालक दल के 11 सदस्यों को पकड़ा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई तटरक्षक बल के निरंतर समुद्री अभियानों और भारत की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, साथ ही भारत के समुद्री क्षेत्रों (एमजेडआई) के भीतर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के कड़े प्रवर्तन को भी दर्शाती है।

# सरकारी संस्थानों की खत्म करने की साजिश भारत की आत्मा पर आघात है: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकारी संस्थानों को खत्म करने की गहरी साजिश के तहत उनकी स्थिति खराब की जा रही है, जो भारत की आत्मा पर आघात है। कांग्रेस नेता ने भारत प्रतिरक्षा और जैविक निगम लिमिटेड (बीआईबीसीओएल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात का वीडियो साझा करते हुए यह भी कहा कि राजग सरकार की निजीकरण की नीति भारत के लिए बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, ''सरकारी संस्थाओं का दमन



और उनका निजीकरण आज राजग सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति और भारत के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।'' उन्होंने कहा, ''अभी कुछ दिनों पहले जनसंसद में भारत प्रतिरक्षा और जैविक निगम लिमिटेड (बीआईबीसीओएल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। उन्होंने जो हालात बताए, वो सुनकर आप सिर्फ हैरान नहीं होंगे, स्तब्ध रह जाएंगे।'' राहुल गांधी ने दावा किया कि इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं तथा अपने घर का ख़र्च चलाने के लिए कर्ज़, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। उन्होंने कहा कि यह वही बीआईबीसीओएल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी है तथा जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है। लेकिन 2017 तक मुनाफ़े में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीक़े से घाटे में बदल दिया गया।''

## अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद छात्रों का वापस भारत और चीन जाना 'शर्मनाक' : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दस लाख डॉलर की 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना शुरु करने की घोषणा की है। यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा। ट्रंप का कहना है कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों का अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटना 'शर्मनाक' है। बुधवार को घोषित किया गया 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना एक ऐसा वीजा कार्यक्रम है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है। ट्रंप ने दावा किया कि 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाए रखने में



सक्षम बनाएगी। व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा, ''किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं।'' ट्रंप ने घोषणा की कि गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू हो गई है और कंपनियां व्हार्टन, हार्वर्ड और एमआईटी जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों को अमेरिका में ही रखने के लिए गोल्ड कार्ड खरीद सकती हैं। इस अवसर पर आईबीएम के भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ अरविंद कृष्णा और डेल टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माइकल डेल भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाई युवा पैरा खेलों में भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने दो स्वर्ण पदक जीते

**दुबई :** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता । इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

### आईडब्ल्यूएल 20 दिसंबर से कोलकाता में शुरू

**नयी दिल्ली :** इंडियन वुमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे। आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

# डिकॉक के अर्धशतक से दक्षिण अफ्रीका की जोरदार जीत, श्रृंखला 1-1 से बराबर



**मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) :** विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की आतिशी पारी और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 51 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। अब तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा। पहले मैच में सिर्फ 74 रन पर सिमटने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस बार चार विकेट पर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। डिकॉक ने 46 गेंदों में सात छक्कों और पांच चौकों की मदद से 90 रन बनाए और कप्तान एडन मारक्रम (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अहम साझेदारी की। अंतिम ओवरों में डोनोवन फरेरा (नाबाद 30) और डेविड मिलर (नाबाद 20) ने तेज रन जोड़कर टीम को 200 पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका की पारी में कुल 15 छक्के और 10 चौके लगे। भारत की गेंदबाजी में 16 वाइड सहित 22 अतिरिक्त रन देना टीम के लिए भारी पड़ा। केवल अंतिम 10 ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने 123 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। पहले ओवर में ही शुभमन गिल बिना खाता खोले आउट हुए। अभिषेक शर्मा की तेज शुरुआत (17) और तिलक वर्मा (62) की जुझारू अर्धशतकीय पारी के बावजूद टीम संभल नहीं सकी और 19.1 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। जितेश शर्मा (27), अक्षर पटेल (21) और हार्दिक पंड्या (20) ही कुछ योगदान दे पाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से आटेनील बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट चटकाए, जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और लुथे सिपमाला को दो-दो विकेट मिले। लगातार गिरते विकेटों ने भारत की उम्मीदें खत्म कर दीं और तिलक के आउट होते ही भारतीय पारी ढह गई। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने न केवल वापसी की, बल्कि श्रृंखला को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया।

## न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड



**मुल्लांपुर :** विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस मौके पर मौजूद थे। युवराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भी देखा गया। स्टेडियम में युवराज के पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम पर पहले से एक पवेलियन है और अब बृहस्पतिवार को साइटस्क्रीन के दूसरी तरफ हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड भी शामिल हो गया।

## अंडर-19 एशिया कप: वैभव सूर्यवंशी पर होंगी निगाहें

**दुबई :** अंडर-19 एशिया कप में भारत की कमान आक्रामक सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे संभालेंगे, जबकि युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी टीम के मुख्य आकर्षण रहेंगे। भारत शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जबकि रविवार को पाकिस्तान से होने वाला मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक मैच माना जा रहा है। यह चैंपियनशिप अगले साल होने वाले विश्व कप का ड्रेस रिहर्सल भी है। इस बात पर भी सभी की नजरें रहेंगी कि क्या बीसीसीआई भारतीय अंडर-19 खिलाड़ियों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने की अनुमति देगा। हाल ही में पुरुष एशिया कप, महिला विश्व कप और राइजिंग स्टार्स टी20 टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ मिलाने से इनकार किया था। हालांकि, आईसीसी चाहता है कि जूनियर स्तर



पर राजनीति को दूर रखते हुए खेल भावना का पालन किया जाए। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि खिलाड़ियों को कोई विशेष निर्देश नहीं दिए गए हैं, लेकिन टीम मैनेजर को स्थिति की जानकारी है। यदि खिलाड़ी हाथ मिलाने से बचते हैं तो इसकी जानकारी मैच रेफरी को पहले दी जाएगी। टूर्नामेंट के लिहाज से भारत और पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय माना जा रहा है, क्योंकि ग्रुप की अन्य दो टीमें मलेशिया और यूएई तुलनात्मक रूप से कमजोर हैं।

## गंभीर से कुछ हद तक सहमत हूं, लेकिन खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं: डिविलियर्स

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में



बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते।" उन्होंने कहा, "इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है।" भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा, "भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। मुझे लगता है कि इसका संबंध भारतीय क्रिकेट की गहराई से है।"

### क्रिकेट के लिए जो भी अच्छा हो, बीसीसीआई को वही करना चाहिए : कपिल

**नयी दिल्ली :** पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने दक्षिण अफ्रीका से हाल में घरेलू मैदान पर टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-2 की हार के बाद टीम के लिए अलग प्रारूप के अलग कोच रखने के विचार का समर्थन नहीं किया और कहा कि बीसीसीआई को कोचिंग का वही तरीका अपनाना चाहिए जो भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा हो। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारतीय टीम के घरेलू मैदान पर टेस्ट में हार के सिलसिले को खत्म करने के लिए लाल गेंद और सफेद गेंद के प्रारूप के लिए अलग-अलग कोच कारगर हो सकते हैं तो कपिल ने कहा, "मुझे नहीं पता। मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। आपको सोचना होगा कि क्या होना चाहिए। जो भी क्रिकेट के लिए अच्छा हो, मुझे लगता है कि उन्हें वही करना चाहिए। " भारतीय टीम को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान कपिल ने इस बात को खारिज कर दिया कि सोशल मीडिया के जमाने में उनके खेलने के दिनों के मुकाबले एथलीट बनना ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा, "नहीं, यह हमेशा एक जैसा ही होता है। तब भी मुश्किल था, अब भी मुश्किल है। तब भी आसान था और अब भी आसान है। आपकी सोच ज्यादा जरूरी है।"

## टी20 विश्व कप 2026 के टिकट की कीमत 100 रु से, बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू

**मुंबई :** टी20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गई है। भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिलकर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जाएगा। भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता मेजबान शहर होंगे जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे। गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मैचों में से एक में अमेरिका से भिड़ेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा, "टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा नजरिया स्पष्ट है कि हर प्रशंसक को विश्व स्तरीय क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए, चाहे उसकी पृष्ठभूमि और वित्तीय स्थिति कुछ भी हो। " उन्होंने कहा, "सिर्फ 100 रुपये और 1000 श्रीलंकाई रुपये से शुरू होने वाले टिकटों के साथ हम अपनी रणनीति के केंद्र में किफायतीपन को रख रहे हैं। यह लाखों लोगों को क्रिकेट के वैश्विक जश्न का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के बारे में है। 20 टीम और 55 मैच वाला 2026 चरण इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी और समावेशी टी20 विश्व कप होगा। " भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, "सिर्फ 100 रुपये से शुरू होने वाले टिकटों के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 को लेकर उत्साह कई गुना बढ़ गया है। हम एक विश्व स्तरीय मैच-डे अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। "



### वायदा बाजार में चांदी 1.93 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के बाद बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1,93,720 रुपये प्रति किलोग्राम के नई ऊंचाई पर पहुंच गई। मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में चांदी वायदा 4,985 रुपये यानी 2.64 प्रतिशत बढ़कर 1,93,720 रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले तीन सत्रों में चांदी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है। यह सोमवार को 1,81,742 रुपये पर थी। उसके बाद से यह 11,978 रुपये यानी 6.6 प्रतिशत बढ़ा है। इस साल अब तक, चांदी की कीमतें 31 दिसंबर, 2024 को 87,233 रुपये प्रति किलोग्राम से 1.06 लाख रुपये (1,06,487 रुपये), यानी 122.07 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### यूडीआईएन के इस्तेमाल से धोखाधड़ी रोकने में मिली मदद: आईसीएआई

**नयी दिल्ली :** चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट के द्वारा विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (यूडीआईएन) के इस्तेमाल से 70,000-80,000 करोड़ रुपये की संभावित वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिली है। यूडीआईएन की शुरुआत भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने 2019 में की थी। जब कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट किसी भी दस्तावेज का सत्यापन करता है तो एक यूडीआईएन सृजित होता है। नंदा ने राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 2019 से अब तक 10 करोड़ से भी ज्यादा यूडीआईएन सृजित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, "यूडीआईएन के इस्तेमाल से 70,000-80,000 करोड़ रुपये की संभावित धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिली है। यूडीआईएन की व्यवस्था शुरू होने से दस्तावेजों के सत्यापन और पहचान में मदद मिलती है।

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में एआई परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध, बुनियादी ढांचे में कर रही निवेश: सत्य नडेला

**बेंगलुरु :** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध है और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के साथ एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने चार प्रमुख आईटी कंपनियों कॉग्निजेंट, इन्फोसिस,



टीसीएस और विप्रो के साथ रणनीतिक साझेदारी की भी घोषणा की। ये कंपनियां 'एजेंटिक' एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर काम करेंगी। 'माइक्रोसॉफ्ट' के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, "हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है।" नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन ने देश भर में कंपनी के 'क्लाउड नेटवर्क' के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "हम 'एज्यूर' को विश्व के कंप्यूटर के रूप में विकसित कर रहे हैं और हमारे पास दुनिया भर में 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र हैं। भारत में हमारी उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। अब हमारे पास मध्य भारत, पश्चिम भारत, दक्षिण भारत में नेटवर्क है और हमने जियो के साथ भी साझेदारी की है।" 'एज्यूर' माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रदान किया गया एक व्यापक 'क्लाउड कंप्यूटिंग' मंच है। इस पर कंपनियां एवं डेवलपर अपनी एप्लिकेशन, वेबसाइट, डेटाबेस, स्टोरेज, एआई मॉडल तथा सर्वर ऑनलाइन बना, चला तथा प्रबंधित कर सकते हैं.. वह भी बिना अपने 'फिजिकल सर्वर' खरीदे। उन्होंने कहा कि एक नया डेटा सेंटर क्षेत्र 2026 में चालू हो जाएगा।

## भारत के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, उद्योगों में आत्मनिर्भर बनना जरूरी: अंबानी

**गांधीनगर :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की भावी प्रगति की राह में चुनौती पैदा करने वाले भू-राजनीतिक हालात से निपटने के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों एवं उद्योगों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। अंबानी ने यहां पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी (पीडीईयू) के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाकी दुनिया में भरोसे के अभाव के बीच भारत आठ प्रतिशत की दर से छलांग लगा रहा है। पीडीईयू के अध्यक्ष अंबानी ने कहा, पूरी दुनिया में भरोसे की कमी है, लेकिन भारत आशा और आत्मविश्वास से लबरेज है। एक दशक पहले भारत के अन्य हिस्सों में केवल 'वाइब्रेंट गुजरात' की चर्चा थी, आज पूरी दुनिया 'वाइब्रेंट इंडिया' की बात कर रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों ने भारत के भविष्य की प्रगति के लिए कुछ चुनौतियां पैदा की हैं। उन्होंने इसका



कोई उदाहरण नहीं दिया लेकिन चीन का वैश्विक आपूर्ति शृंखला और महत्वपूर्ण खनिजों पर नियंत्रण दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए रणनीतिक चिंता का विषय बनकर उभरा है। अंबानी ने संस्थान के स्नातक छात्रों से कहा कि उन्हें जिज्ञासा, साहस, धैर्य और कृतज्ञता को जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत मानकर त्वरित प्रौद्योगिकी परिवर्तन वाले विश्व में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि वे 'नए भारत की अजेय भावना' का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## अमेरिका अगर भारत की पेशकश से खुश है, तो व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर दे: गोयल

**मुंबई :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर अमेरिका व्यापार समझौते से संबंधित भारतीय पेशकश से खुश है, तो उसे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देने चाहिए। गोयल ने भारत की तरफ से रखी गई पेशकश पर ट्रंप प्रशासन के विचारों का स्वागत किया। लेकिन उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से इंतज़ार किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर की कोई समयसीमा बताने से परहेज किया। वाणिज्य मंत्री अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें कहा गया था कि अमेरिका को व्यापार समझौते को लेकर भारत से 'अब तक का सबसे अच्छा' प्रस्ताव मिला है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, "उनकी खुशी का बहुत स्वागत है। और, मेरा मानना है कि अगर वे बहुत खुश हैं, तो उन्हें बिना किसी




देरी के इस पर हस्ताक्षर कर देना चाहिए।" हालांकि, उन्होंने अमेरिका को भारत की तरफ से की गई पेशकश के बारे में बताने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत के पांच दौर पूरे हो चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका के 'उप व्यापार प्रतिनिधि' रिक स्विटजर का भारत का मौजूदा दौरा व्यापार वार्ता पर केंद्रित नहीं है।

# शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट थमी, सेंक्स 427 अंक उछला

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वाहन एवं धातु शेयरों में लिवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती से सेंसेक्स 427 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 140 अंक की तेजी आई। अपने शुरुआती निचले स्तर से उबरते हुए बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक यानी 0.51 प्रतिशत चढ़कर 84,818.13 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,906.93 के ऊपरी और 84,150.19 के निचले स्तर तक गया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर



25,898.55 पर बंद हुआ। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद, निफ्टी में धीरे-धीरे तेजी आई और एक समय यह 25,922.80 के ऊपरी स्तर तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्यूटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, इन्फोसिस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन शामिल हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने के बाद घरेलू बाजार में बड़े पैमाने पर सुधार आया। अमेरिका के 10 वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट भविष्य में विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में कमी का संकेत देती है। इससे धारणा को मजबूती मिली।"

## सार्वजनिक बैंकों की भर्ती परीक्षाओं, नतीजों की घोषणा के नए प्रावधान लागू: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं और उनके परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये सुधार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया पर समान रूप से लागू होंगे। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने कहा कि वर्तमान में इन सभी श्रेणियों के बैंकों में भर्ती आईबीपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन) के माध्यम से की जाती है। सामान्यतः आरआरबी की परीक्षाएं पहले आयोजित होती हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं एसबीआई की परीक्षाएं उसके बाद होती हैं। परिणाम भी इसी क्रम में घोषित किए जाते हैं। बयान के मुताबिक, हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति सामने आई है कि आरआरबी में चयनित कई उम्मीदवार राष्ट्रीयकृत बैंकों और वहां से एसबीआई में चले जाते हैं। इससे संबंधित बैंकों में नौकरी छोड़ने का उच्च स्तर देखने को मिलता है और कामकाज के संचालन में दिक्कतें पैदा होती हैं। डीएफएस ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए बैंकों की भर्ती प्रक्रिया और परिणाम घोषित करने के मौजूदा चलन की समीक्षा की।

## ओमान के निचले सदन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को मंजूरी दी, मंत्रिमंडल करेगा विचार

**नयी दिल्ली :** ओमान के निचले सदन 'शूरा परिषद' ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे दी है। इसको देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल शुक्रवार को इस समझौते पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस पर बातचीत नवंबर 2023 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी जो इस वर्ष संपन्न हो गई। इस प्रकार के समझौते में दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है जो मई 2022 में लागू हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया था कि प्रासंगिक प्राधिकारी की मंजूरी के बाद, हस्ताक्षर और पुष्टि के लिए 'कैबिनेट नोट' का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया गया है। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3440 अंक 250, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in